राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 38
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 07 जनवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा का 'ड्रेन-डिटॉक्स' प्लान, यमुना को मिलेगी नई ज़िंदगी
पेज 4 जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न
पेज 6 महिला टी20 रैंकिंग में हरमनप्रीत कौर का जलवा, गेंदबाजी में दीप्ति

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व केंद्रीय मंत्री कलमाड़ी का 81 की उम्र में निधन

**पुणे।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 81 साल के थे। कलमाड़ी को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे अंतिम सांस ली। कलमाड़ी के आधिकारिक कार्यालय के मुताबिक उनका पार्थिव शरीर दोपहर 2 बजे तक कलमाड़ी हाउस एरंडवणे में रखा जाएगा। उनका शाम 5.15 बजे पुणे के वैकुंठ श्मशान में अंतिम संस्कार किया गया। सुरेश शामराव कलमाड़ी का जन्म 1 मई 1944 को हुआ था। कलमाड़ी पुणे लोकसभा सीट से 3 बार सांसद चुने गए। राजनीति के साथ-साथ वे खेल प्रशासन के लिए भी जाने जाते रहे।


### दिल्ली-एनसीआर में कोहरे का कहर और हवाई संकट बढ़ा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में भीषण ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, और मध्य प्रदेश जैसे मैदानी राज्यों में घना कोहरा छाया हुआ है, जबकि कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में ताजा बर्फबारी हो रही है। दिल्ली-एनसीआर दिल्ली में आज साल के सबसे ठंडे दिनों में से एक दर्ज किया गया है। यहां अधिकतम तापमान 16 से 18 के बीच रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 7 के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग ने घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।



### हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा...



### शायरी

क्या कर लोगे बन कर विश्व महाशक्ति
लड़की अगर अकेली सड़कों में नहीं चल सकती

### अर्थसार



सेंसेक्स:
85,063.34
-376.27 (0.44%)
निफ्टी:
26,175.60
-74.70

### मौसम



अधिकतम : 15 डिग्री से0
न्यूनतम : 06 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 7 : 19
सूर्यास्त बुधवार : 5 : 37

# यूपी एसआईआर : हर पांचवां वोटर लिस्ट से बाहर हुआ

## ड्राफ्ट लिस्ट में 2.89 करोड़ नाम कटे, इनमें 46 लाख मृत लोगों के नाम; 12.55 करोड़ वोटर बचे

लखनऊ। यूपी में स्क्रकी ड्राफ्ट लिस्ट जारी हो गई है। इसमें 2.89 करोड़ (18 फीसदी) नाम कट गए हैं। इनमें 46.23 लाख मृत, 2.17 करोड़ लोग शिफ्टेड और 25.47 लाख डुप्लीकेट वोटर शामिल हैं। पहले प्रदेश में 15.44 करोड़ वोटर थे, अब 12.55 करोड़ मतदाता बचे हैं। मतलब- हर पांचवां वोटर लिस्ट से बाहर हो गया है।



लखनऊ में सबसे ज्यादा 12 लाख, जबकि ललितपुर में सबसे कम 95 हजार लोगों के नाम कटे। वोटर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। जिन लोगों के नाम नहीं हैं, वे 6 फरवरी तक दावे-आपत्तियां कर सकते हैं। फॉर्म 6 या 7 भरकर नाम जुड़वा सकते हैं।

दावे के लिए फॉर्म 6 और आपत्ति के लिए फॉर्म 7 भरे जाएंगे। इसकी फीस नहीं लगेगी। आयोग ने हेल्पलाइन नंबर- 1950 जारी किया है, जहां से सहायता ली जा सकती है। शहरी क्षेत्रों में कम सहयोग को देखते हुए आयोग ने विशेष कैंप लगाने की योजना बनाई है। 6 मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी।

यूपी से पहले 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की स्क्रड्राफ्ट वोटर लिस्ट आ चुकी है। इनमें 3.67 करोड़ वोटर्स के नाम हटे हैं। मध्यप्रदेश में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख, केरल में 24.08 लाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 64 हजार वोटर्स, पश्चिम बंगाल में 58.20 लाख, राजस्थान में 41.85 लाख, गोवा में 1.01 लाख, पुडुचेरी में 1.03 लाख, लक्षद्वीप में 1,616, तमिलनाडु में 97 लाख, गुजरात में 73 लाख वोटर्स के नाम कटे हैं।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बोले- मतदाताओं का गुस्सा आंदोलन न बन जाए, चुनाव आयोग मतदाता सूची दुरुस्त करे



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मैनपुरी में वोटर्स के नाम काटे जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने एक्स पर लिखा- इससे पहले कि मतदाताओं का रोष आक्रोश बनकर आंदोलन का रूप ले ले, चुनाव आयोग मैनपुरी में एसआईआर से कटे वैध नामों के लिए संज्ञान लेकर मतदाता सूची दुरुस्त कराए।

### यूपी के 5 मुस्लिम बहुल जिलों में 20 फीसदी वोटर कटे

**मुरादाबाद :** 6 विधानसभा सीटों में भाजपा सिर्फ 1 जीत पाई थी। यहां 3,87,628 (15.76 प्रतिशत) वोटर कम हुए हैं।

**सहारनपुर :** 7 सीटों में भाजपा 5 पर जीती थी। यहां 4,32,539 (16.37 प्रतिशत) वोटर कम हुए हैं।

**मुजफ्फरनगर :** 6 सीटों में भाजपा को 2 पर जीत मिली थी। जबकि सपा गठबंधन यहां 4 सीटें जीतने में कामयाब रहा था। यहां 3,44,222 (16.29 प्रतिशत) वोटर कम हुए हैं।

**रामपुर :** 5 सीटों में 3 सपा तो 2 एनडीए गठबंधन के खाते में थीं। यहां 3,21,572 (18.29 प्रतिशत) वोटर कम हुए हैं।

**संभल :** 4 सीटों में 3 सपा तो भाजपा के हाथ एक सीट ही लगी थी। यहां 3,18,615 (18.29 प्रतिशत) वोटर कम हुए हैं।

# जेएनयू में नारे लगे : मोदी-शाह की कब्र खुदेगी

### भाजपा का दावा- उमर-शरजील के लिए प्रदर्शन, यूनिवर्सिटी बोली- आरोपी छात्र सस्पेंड होंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में सोमवार रात कुछ छात्रों ने पीएम मोदी और अमित शाह के खिलाफ विवादित नारे लगाए। नारेबाजी का 35 सेकेंड का वीडियो मंगलवार को सामने आया। यह अब वायरल हो रहा है।

वीडियो में छात्र मोदी-शाह की कब्र खुदेगी, जेएनयू की धरती पर नारे लगाते और गाते दिखे। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया है कि जेएनयू में यह प्रदर्शन उमर खालिद-शरजील के समर्थन में हुआ। यह विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी विचारधारा का प्रसार है। कांग्रेस ने कहा है कि यह गुस्सा जाहिर करने का एक तरीका है।

वहीं जेएनयू प्रबंधन ने कहा- हम इस मामले पर सख्त कार्रवाई करेंगे। यूनिवर्सिटी को नफरत फैलाने वाली प्रयोगशाला नहीं बनने देंगे। यूनिवर्सिटी ने कहा कि मामले में पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। हिंसा, गैर-कानूनी आचरण या राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोपी छात्र सस्पेंड होंगे।

दरअसल, एक दिन पहले 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार किया था।

जेएनयू स्टूडेंट्स यूनियन की अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने कहा कि हर साल छात्र 5 जनवरी 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा करने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हैं। मिश्रा ने न्यूज एजेंसी को बताया कि विरोध प्रदर्शन में लगाए गए सभी नारे वैचारिक थे और किसी पर व्यक्तिगत हमला नहीं करते थे। वे किसी के लिए निर्देशित नहीं थे।

हालांकि मंगलवार दोपहर को जेएनयू प्रशासन ने वसंत कुंज पुलिस को लेटर लिखा, जिसमें साबरमती हॉस्टल के बाहर नारे लगाने के लिए एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

# बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है। शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 19 दिसंबर को मणि ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर देश में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई थी और अपने इलाके को मौत की घाटी बताया था।

### विरोध प्रदर्शन




नई दिल्ली में राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज (बीच में) पार्टी नेताओं के साथ।

# भागीरथपुरा में एक और मौत..अब तक 18 की गई जान

## परिजन बोले- उल्टी-दस्त से पीड़ित थीं; हाईकोर्ट बोला- इंदौर की छवि खराब, सरकार का जवाब असंवेदनशील

इंदौर। इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल से जुड़ी मौतों का आंकड़ा बढ़कर 18 हो गया है। 1 जनवरी को 70 वर्ष से अधिक उम्र की महिला हरकू बाई कुंवर की मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि दूषित पानी पीने के बाद महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी।

मृतका की बेटी निर्मला ने बताया कि 30 दिसंबर की रात मां को अचानक तेज उल्टी-दस्त शुरू हो गए थे। हालत बिगड़ती चली गई और 1 जनवरी को उनकी मौत हो गई।

सूचना में देरी को लेकर निर्मला ने कहा कि परिवार में तीसरे का कार्यक्रम होने के कारण वे तत्काल प्रशासन को जानकारी नहीं दे सके। इसी वजह से अब जाकर हम अपनी बात सामने रख पा रहे हैं। इस मौत के बाद भागीरथपुरा और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है।

### हाईकोर्ट ने कहा- स्वच्छ जल लोगों का मौलिक अधिकार

मंगलवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में दूषित पेयजल से जुड़े मामलों में दायर 5 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। कोर्ट ने सरकार के जवाब को असंवेदनशील बताते हुए कड़ी फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने कहा कि इस घटना ने देश के सबसे स्वच्छ शहर कहे जाने वाले इंदौर की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि स्वच्छ पेयजल केवल इंदौर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के नागरिकों का मौलिक अधिकार है। यदि भविष्य में जरूरत पड़ी तो दोषी अधिकारियों पर सिविल और क्रिमिनल जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि पीड़ित परिवारों को मुआवजा कम मिला है, तो उस पर भी अदालत निर्देश दे सकती है।

# द्रमुक सरकार पर चार लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप

### राज्यपाल से की गई जांच की मांग




**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेता और अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पादी के.पलानीस्वामी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि द्रमुक के कार्यकाल के दौरान चार लाख करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है।

उन्होंने तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें इन आरोपों की व्यापक जांच की मांग की गई। पलानीस्वामी ने चेन्नई के गुंडी में राज्यपाल के आधिकारिक निवास पर मुलाकात की, जहां उन्होंने 2021 में द्रमुक के सत्ता में आने के बाद विभिन्न सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के आरोपों की एक फाइल प्रस्तुत की।

अन्नाद्रमुक के नेता के अनुसार, इस दस्तावेज में विभागवार अनियमितताओं का विवरण है, जिसे उन्होंने पर्याप्त और सत्यापित साक्ष्यों के रूप में प्रस्तुत किया।

इस बैठक के दौरान कई वरिष्ठ अन्नाद्रमुक नेता पलानीस्वामी के साथ थे, जिनमें पूर्व मंत्री केपी मुनुसामी, नथम विश्वनाथन, थंगामणि, एस.पी. वेलुमणि, डी. जयकुमार और सी. वी. शानमुगम शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से पिछले चार वर्षों के प्रणालीगत भ्रष्टाचार के घोटालों की गहन जांच शुरू करने या सिफारिश करने का आग्रह किया है।

बैठक के बाद पलानीस्वामी ने सत्तारूढ़ द्रमुक पर आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों में द्रमुक सरकार ने जनता की भलाई के लिए कुछ नहीं किया और केवल भ्रष्टाचार ही इसकी पहचान बन गई है और तत्काल और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड केस में याचिका खारिज की

## कहा- अमीर लोग केस दर्ज होने पर कानून को चुनौती देने लगते हैं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में आरोपी वकील गौतम खेतान की याचिका पर सख्त रुख अपनाया।

कोर्ट ने इसे ट्रायल से बचने की कोशिश बताया और याचिका खारिज कर दी। खेतान ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की एक धारा को चुनौती दी थी।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा- यह नया चलन बन गया है कि अमीर आरोपी ट्रायल का सामना करने के बजाय कानून की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने लगते हैं।



कोर्ट ने कहा कि ऐसे लोग सोचते हैं कि वे सिस्टम को बायपास कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्हें आम नागरिक की तरह ट्रायल का सामना करना चाहिए।

सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा ने दलील में कहा कि यह याचिका किसी विशेषाधिकार के लिए नहीं, बल्कि पहले से लंबित विजय मदनलाल चौधरी केस की समीक्षा याचिकाओं से जुड़ी है, लेकिन कोर्ट ने इसे मानने से इनकार कर दिया।

### आईईडी ब्लास्ट

## कुकी उग्रवादियों पर ब्लास्ट का शक, सरकार ने एनआईए को जांच सौंपी

# मणिपुर में 3 घंटे में दो आईईडी ब्लास्ट, 2 लोग घायल

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने बिष्णुपुर जिले में लगातार दो धमाकों की घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी है। सोमवार को हुए इन ब्लास्ट में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए थे। ये धमाके स्थानीय स्तर पर बनाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से किए गए थे।

घटना में शामिल दोषियों को पकड़ने के लिए मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी आस-पास के इलाकों में तलाशी अभियान जारी रहा। सोमवार को फौगाकचाओ इखाई पुलिस स्टेशन इलाके के नगाउकोन गांव में 5:45 बजे एक खाली पड़े घर में आईईडी ब्लास्ट हुआ।



मई 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से इस घर का परिवार फिलहाल केइबुल लामजाओ के एक रिलीफ कैंप में रह रहा है।

पहला धमाका होने के बाद जब गांव वाले मौके पर जमा हुए, तो करीब 200 मीटर दूर पर 8: 45 बजे दूसरा ब्लास्ट हुआ।

इस हमले के पीछे कुकी उग्रवादियों का हांथ बताया जा रहा है। ब्लास्ट में घायल हुए लोगों की पहचान सोइबम सनातोंबा सिंह (52) और नोंथोबाम इंदुबाला देवी (37) के रूप में हुई है, घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पूरे राज्य में 24 घंटे बंद का ऐलान

धमाकों के बाद जब सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने उन पर सुरक्षा में चूक का आरोप लगाया। लोगों ने इलाके में बने एक अस्थायी सुरक्षा बंकर को भी तोड़ दिया। कई मैतेई संगठनों ने सोमवार रात 12 बजे से पूरे राज्य में 24 घंटे बंद का ऐलान किया है।

### आईईडी ब्लास्ट की पहली घटना

मणिपुर में 3 मई 2023 के बाद से जारी हिंसा में 260 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और 60,000 से ज्यादा विस्थापित हुए हैं। बहुसंख्यक मैतेई और कुकी समुदायों के बीच कई बार फायरिंग की बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन आईईडी ब्लास्ट की संभवत: यह पहली घटना है।

उधर, घटना के विरोध में इंडिजिनस पीपल ऑर्गेनाइजेशन और ऑल मणिपुर स्टूडेंट यूनियन सड़कों पर उतर आए हैं।

# 11वीं के स्टूडेंट को नाबालिगों ने लाठी-डंडों से पीट, मौत

### बीच-बचाव करने आए लोगों को भी मारा, 6 नाबालिग हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली के त्रिलोकपुरी में 11वीं के छात्र की उसी के नाबालिग दोस्तों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में मंगलवार को 6 नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया है।



मृतक की पहचान 17 साल के मोहित के रूप में हुई है। वह इंदिरा कैंप में रहता था। पुलिस ने बताया कि मोहित का उसी इलाके में रहने वाले एक नाबालिग से झगड़ा चल रहा था।

सोमवार शाम को कुछ लड़कों का गुट त्रिलोकपुरी में मोहित के पास पहुंचा, जहां वह अपने दोस्तों के साथ बैठा था। वहां पर दोनों गुटों में कहासुनी हो गई, जो धीरे-धीरे हाथापाई में बदल गई।

दूसरे गुट के लड़कों ने मोहित को लाठी-डंडों से बेहोश होने तक पीटा। इस दौरान वहां मौजूद कई लोगों ने उनका बीच-बचाव करने की कोशिश की लेकिन हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी।

# संपादकीय

## राम रहीम की बार-बार पैरोल : न्याय के कठघरे में सुलगते सवाल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह, जो हत्या और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में उम्रकैद की सजा काट रहा है, की बार-बार पैरोल और फर्लो पर रिहाई ने देश के कानूनी और सामाजिक विमर्श को झकझोर दिया है। एक ओर जेलों में हजारों कैदी अपनी छोटी-छोटी अर्जियों के निस्तारण के लिए वर्षों प्रतीक्षा करते हैं, वहीं एक हाई-प्रोफाइल दोषी का बार-बार जेल से बाहर आना न्याय की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

पैरोल : अधिकार या विशेष सुविधा ?

भारतीय जेल नियमावली के तहत पैरोल और फर्लो का उद्देश्य कैदियों के सुधार और उनके पारिवारिक-सामाजिक संबंधों को बनाए रखना है। यह कोई मौलिक अधिकार नहीं, बल्कि अच्छे आचरण और प्रशासनिक संतुष्टि पर आधारित एक विशेषाधिकार है।

यहीं से असहज सवाल जन्म लेते हैं। राम रहीम के मामले में पैरोल की आवृत्ति असाधारण दिखती है। क्या यही उदारता आम कैदियों के लिए भी है ? जब प्रभावशाली व्यक्ति को बार-बार यह सुविधा मिलती है, तो कानून सबके लिए बराबर का सिद्धांत आम जन के मन में खोखला प्रतीत होता है।

### संयोग या राजनीतिक प्रयोग?

राम रहीम की पैरोल का समय अक्सर विवाद का केंद्र रहा है। हरियाणा, पंजाब या राजस्थान में चुनावी सरगर्मी के दौरान उसकी रिहाई—क्या यह मात्र संयोग है ?

- **वोट बैंक की राजनीति :** डेरा सच्चा सौदा का व्यापक अनुयायी आधार चुनावी परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। आलोचकों के अनुसार, सत्ता पक्ष पैरोल को एक राजनीतिक टूल की तरह इस्तेमाल करता दिखता है।
- **डिजिटल सत्संग :** पैरोल अवधि में ऑनलाइन सत्संग की अनुमति विवाद को और गहरा करती है। जेल से बाहर आते ही राजनीतिक संदेशों का प्रवाह यह संकेत देता है कि कहीं न कहीं वोट की गणित न्याय पर भारी पड़ रही है।

### पीड़ितों के जख्मों पर नमक

न्याय केवल सजा तक सीमित नहीं; वह पीड़ितों को सुरक्षा और संतोष का भरोसा भी देता है। राम रहीम के अपराधों के पीड़ित और उनके परिवार आज भी भय और असुरक्षा में जीते हैं। जब दोषी बार-बार बाहर आता है और सार्वजनिक सम्मान पाता है, तो यह उनके साहस और संघर्ष का अपमान है।

पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के परिवार जैसे लोग—जिन्होंने न्याय के लिए लंबी लड़ाई लड़ी—ऐसी रिहाइयों से स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं। यह संदेश खतरनाक है कि सत्ता-समीकरण पीड़ितों की पीड़ा से ऊपर रखे जा सकते हैं।

### न्यायपालिका और प्रशासन की भूमिका

माननीय उच्च न्यायालयों ने कई अवसरों पर स्पष्ट किया है कि पैरोल देते समय अपराध की गंभीरता, समाज पर प्रभाव और पीड़ितों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके बावजूद, जेल प्रशासन अक्सर तकनीकी प्रावधानों का हवाला देकर निर्णयों को सही ठहराता है। यह रवैया प्रशासनिक जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

### निष्कर्ष

राम रहीम की बार-बार पैरोल किसी एक व्यक्ति की रिहाई का मसला नहीं—यह हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख का प्रश्न है। यदि रसूख और वोट बैंक के आधार पर न्याय की परिभाषा तय होगी, तो आम नागरिक का न्याय व्यवस्था से भरोसा डगमगा जाएगा।

अब समय है कि पैरोल और फर्लो के नियमों में कड़ी पारदर्शिता, स्पष्ट मानदंड और सार्वजनिक जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि ये प्रावधान किसी विशेष व्यक्ति के लाभ का साधन न बनें। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए—वह होता हुआ दिखना भी चाहिए।

## वेनेज़ुएला पर हमला

पिछले लंबे समय से डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर रहे वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी हमले के बाद गिरफ्तार करना निस्संदेह, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। एक संप्रभु राष्ट्र पर आक्रमण और उसके राष्ट्रपति को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाना अंतर्राष्ट्रीय दादागिरी का दुर्लभ उदाहरण है। उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ट्रंप ने ऐलान किया है कि सत्ता परिवर्तन होने तक वाशिंगटन इस लैटिन अमेरिकी देश का संचालन करेगा। यह एक खतरनाक परंपरा है, जिसकी पुनरावृत्ति अमेरिकी महाद्वीप से बाहर होने की आशंका भी बलवती हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि निकोलस मादुरो के पतन के बाद वेनेज़ुएला में मिश्रित प्रतिक्रिया होगी। अंतर्राष्ट्रीय साजिशों से मादुरो को लगातार खलनायक बनाने की कोशिशों में एक वैश्विक तंत्र लगा हुआ था। वैसे आरोप मादुरो पर लगे कि उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को खोखला किया, असहमतियों को कुचला और लाखों लोगों को निर्वासन के लिये मजबूर किया। उन पर चुनाव में धांधली और मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन वैश्विक कूटनीति के जानकार मानते हैं कि ट्रंप के इस दांव का लक्ष्य तानाशाही के पीड़ितों को न्याय दिलाने या इस देश की संप्रभुता की रक्षा के बजाय वेनेज़ुएला के समृद्ध तेल भंडारों पर नियंत्रण हासिल करना ज्यादा रहा है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका द्वारा सैन्य अभियान चलाकर देश से बाहर किसी शासनाध्यक्ष को गिरफ्तार करना तथा वहां की सत्ता को वाशिंगटन से संचालित करना निश्चय ही साम्राज्यवादी सोच का ही पर्याय है।

निस्संदेह, इस अमेरिकी निरंकुशता के गहरे भू-राजनीतिक परिणाम सामने आएंगे। यहां तक कि मादुरो का विरोध करने वाले अमेरिका के सहयोगी देश भी, अब मुखर होकर चेतावनी देने लगे हैं। रूस और चीन इस अमेरिकी कार्रवाई को नियम-कानून आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिये खतरा बता रहे हैं। वहीं वेनेज़ुएला के इस घटनाक्रम ने चीन को अपनी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं पर अमेरिकी आलोचना को बेअसर करने का भरपूर मौका दे दिया है। जिससे ताइवान की चिंताएं बढ़ सकती हैं। अमेरिका के इस कृत्य ने इराक और अफगानिस्तान में हमले व सेना की तैनाती की यादें ताजा कर दी हैं। ऐसे युद्ध जो अमेरिकी आत्ममुग्धता और अति-आत्मविश्वास से शुरू हुए, लेकिन उनका समापन अपमानजनक विदाई से हुआ। लेकिन इन हमलों के बाद वे देश कभी सामान्य नहीं रह पाए। वहीं ट्रंप की यह दलील कि मादुरो को पकड़ने के लिये चलाए अभियान का खर्च वेनेज़ुएला के तेल राजस्व से वसूला जाएगा, उसके प्राकृतिक संसाधनों पर अमेरिकी नियंत्रण की मंशा को ही दर्शाता है। वहीं अमेरिका ने यह स्पष्ट नहीं किया कि सुशासन, सुरक्षा के लिये वेनेज़ुएला की जनता की आकांक्षाओं वाले किस नेता को सत्ता हस्तांतरण किया जाएगा। भारत भी उन देशों में शामिल है, जिन्होंने घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की है। जो सही मायनों में भविष्य की वैश्विक चिंताओं के अनुरूप ही है। बहरहाल, देर-सवेर ट्रंप को अहसास होगा कि एक निरंकुश शासक को हटाना आसान है, लेकिन उस देश में दीर्घकालिक शांति-स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये गंभीर प्रयासों की जरूरत होती है।

## विश्व पटल पर बालिकाओं का नवयुग: बदली सोच, उभरी शक्ति

-ललित गर्ग-



एक समय था जब दुनिया के बड़े हिस्से में बेटी का जन्म बोझ समझा जाता था। गर्भ में ही उसके जीवन का अंत कर दिया जाता, या जन्म के बाद भेदभाव, उपेक्षा और वंचना उसका भाग्य बनती। सदियों तक चली इस दकियानूसी एवं पुरानपंथी सोच ने समाज, सभ्यता और प्रकृति-तीनों को गहरे घाव दिए। किंतु आज उसी दुनिया में सोच के स्तर पर एक निर्णायक मोड़ दिखाई दे रहा है, एक नयी सोच का उदय हो रहा है। गैलप इंटरनेशनल जैसे वैश्विक सर्वे यह संकेत देते हैं कि 44 देशों में माता-पिता की बड़ी संख्या अब संतान के लिंग को लेकर उदासीन हो रही है, उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि बच्चा लड़का है या लड़की। यह बदलाव केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि मानव चेतना में घटित एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। बालिकाओं को लेकर बदल रही यह सोच मानवीयता का दर्शन करा रही है। यह सच है कि तस्वीर का एक पक्ष उजला है तो दूसरा अब भी चिंताजनक। पिछले 25 वर्षों में दुनिया ने लगभग 70 लाख बच्चियों को बचाया है, यह मानवीय प्रगति का बड़ा प्रमाण है। परंतु यह भी उतना ही कड़वा सत्य है कि आज भी हर साल दस लाख से अधिक बच्चियां गर्भ में ही खत्म कर दी जाती हैं और बीते 45 वर्षों में यह संख्या पाँच करोड़ से अधिक रही है। यानी लड़का-लड़की के भेद का राक्षस अभी पूरी तरह पराजित नहीं हुआ है। इसके बावजूद, उम्मीद की किरण इसलिए प्रबल है क्योंकि अब यह भेद सामाजिक स्वीकृति खो रहा है, और यही किसी भी क्रांति की सबसे ठोस बुनियाद होती है।

भारत में यह संघर्ष और भी जटिल रहा है। कम शिक्षा, रूढ़िवादी पितृसत्तात्मक सोच, अंधविश्वास और सामाजिक भ्रांतियों ने लंबे समय तक बालिकाओं के अस्तित्व पर संकट बनाए रखा। लेकिन हाल के वर्षों में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दिखता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, भारत में बेटों की चाहत 1999 के 33 प्रतिशत से घटकर अब 15 प्रतिशत रह गई है। यह गिरावट केवल सांख्यिकीय नहीं, बल्कि मानसिकता में आए बदलाव का संकेत है। फिर भी, 15 प्रतिशत भी कम नहीं क्योंकि इसका सीधा असर लिंगानुपात पर पड़ता है। आज देश में लिंगानुपात 1000 लड़कों पर 943 लड़कियों का है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार जन्म के समय लड़के-लड़कियों का प्राकृतिक अनुपात लगभग 105ः100 होता है, जो पाँच वर्ष की आयु तक बराबर हो जाना चाहिए। यदि पाँच साल के बाद भी 1000 लड़कों पर 57 लड़कियाँ कम हैं, तो स्पष्ट है कि प्रकृति नहीं, समाज हस्तक्षेप कर रहा है। 57 बड़ा अंतर है।

सुधार की जो गति चल रही है, उस हिसाब से इस अंतर को पाटने में पच्चीस साल से ज्यादा लग जाएंगे। ये बच्चियां दुनिया में कदम रखें और अच्छी तरह से खुशगवार जिंदगी जिएं, इसके लिए उन्हें बचाने के उपाय, उनकी व्यापकता और गति सब बढ़ाने होंगे।

सृष्टि के संतुलन के लिए भी यह जरूरी है। समाज की विडम्बनापूर्ण सोच ही वह बाहरी शक्ति है-भेदभाव, उपेक्षा, असमान पोषण, स्वास्थ्य और अवसर जो संतुलन को बिगाड़ रही है। मौजूदा सुधार की गति से इस अंतर को पाटने में पच्चीस वर्ष से अधिक लग सकते हैं। इसलिए उपायों की व्यापकता और गति दोनों को बढ़ाना अनिवार्य है।

इस बदलाव के पीछे शिक्षा सबसे बड़ा कारक बनकर उभरी है। जब-जब लड़कियों को शिक्षा के समान अवसर मिले, उन्होंने न केवल अपनी क्षमताएँ सिद्ध कीं, बल्कि समाज की दिशा भी बदली।

भारत सहित कई देशों में बालिका शिक्षा, छात्रवृत्ति, डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं ने लड़कियों के जीवन-पथ को नया आयाम दिया है। आज ग्रामीण क्षेत्रों तक स्कूल नामांकन में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ी है, उच्च शिक्षा में उनकी उपस्थिति मजबूत हुई है और विज्ञान, तकनीक, खेल, प्रशासन तथा उद्यमिता-हर क्षेत्र में वे अपनी पहचान बना रही हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि अब नीतियाँ केवल संरक्षण तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि सशक्तिकरण की ओर बढ़ी हैं। शिक्षा के साथ-साथ पोषण, मातृत्व स्वास्थ्य, सुरक्षित परिवहन, डिजिटल पहुँच और नेतृत्व प्रशिक्षण, इन सभी ने मिलकर बालिकाओं के आत्मविश्वास को पंख दिए हैं।

यह समग्र दृष्टि ही भविष्य की महिलाओं को सहायता पाने वाली नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली बनाती है।

दुनिया के कई देशों में महिलाएँ अब राजनीति, प्रशासन और कॉरपोरेट नेतृत्व में अग्रिम पंक्ति में हैं। वे राष्ट्राध्यक्ष हैं, सेनाओं का नेतृत्व कर रही हैं, वैज्ञानिक खोजों की अगुआई कर रही हैं और वैश्विक संस्थानों में नीति-निर्धारण का हिस्सा हैं। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि अवसर मिलने पर प्रतिभा लिंग नहीं देखती।

गैलप इंटरनेशनल के सर्वे में उभरी उदासीनता कि संतान का लिंग मायने नहीं रखता, दरअसल इसी विश्वास का सामाजिक विस्तार है कि लड़कियाँ भी उतनी ही सक्षम हैं। पहली बार दुनिया के स्तर पर बालिकाओं को लेकर एक सकारात्मक परिदृश्य उभरा है, इन बालिकाओं को लेकर बदली सोच एवं उभरी शक्ति के परिदृश्यों के बीच यह समय बालिकाओं-महिलाओं पर हो रहे अपराध, शोषण, बलात्कार, भेदभाव के त्रासद एवं क्रूर स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, क्योंकि बालिकाओं एवं महिलाओं के समावेश, न्याय व सुरक्षा की स्थिति को बताने वाले वैश्विक शांति व सुरक्षा सूचकांक के 177 देशों में भारत का 128वां स्थान है।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध में राष्ट्रीय औसत 66.4 है। राजधानी दिल्ली का स्थान 144.4 अंकों के साथ सर्वोच्च है।

माना जाता है कि 90 प्रतिशत यौन उत्पीड़न जान-पहचान के व्यक्ति ही करते हैं। यानी बालिकाएं अपने ही घर या परिचितों के बीच सबसे ज्यादा असुरक्षित है।

कानून और योजनाएँ आवश्यक हैं, पर पर्याप्त नहीं। असली परिवर्तन संस्कृति में होता है-घर के भीतर, भाषा में, परंपराओं में। जब परिवार बेटी के जन्म को उत्सव मानता है, उसकी शिक्षा में निवेश करता है, उसे निर्णयों में भागीदार बनाता है-तभी लिंगानुपात के आँकड़े स्थायी रूप से सुधरते हैं। मीडिया, साहित्य और सिनेमा की भूमिका भी यहाँ निर्णायक है; वे या तो रूढ़ियों को पोषित करते हैं या नई दृष्टि गढ़ते हैं। आज सकारात्मक प्रस्तुतियाँ बढ़ रही हैं, जो लड़कियों को आत्मनिर्भर, साहसी और नेतृत्वकारी रूप में दिखाती हैं यह सांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरुआत का लक्ष्य भी बालिका लिंग अनुपात में गिरावट के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना है।


भविष्य की दिशा स्पष्ट है-समानता केवल अधिकारों की सूची नहीं, बल्कि अवसरों की वास्तविक उपलब्धता है। बालिकाओं को बचाना पहला कदम था; अब उन्हें बढ़ने, उड़ने और नेतृत्व करने देना अगला चरण है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के साथ-साथ रोजगार, संपत्ति अधिकार, डिजिटल अवसर और निर्णय-निर्माण में हिस्सेदारी-ये सभी समानता के स्तंभ हैं। यदि इन पर निरंतर और समन्वित कार्य हुआ, तो आने वाले वर्षों में लिंगानुपात केवल सुधरेगा ही नहीं, बल्कि समाज अधिक संतुलित, संवेदनशील और उत्पादक बनेगा। एक समय था जब बालिका को कोख में ही समाप्त कर दिया जाता था; आज वही दुनिया उसके जन्म पर प्रसन्नता व्यक्त कर रही है।

यह बदलाव अधूरा है, पर निर्णायक है। भारत में बेटों की चाहत का घटता ग्राफ, दुनिया भर में लिंग-उदासीनता की बढ़ती प्रवृत्ति और महिलाओं के लिए विस्तृत होती शिक्षा-सशक्तिकरण योजनाएँ-सब मिलकर संकेत देते हैं कि आने वाला समय वास्तव में महिलाओं का समय है।

यदि यह गति बनी रही, तो देश की बालिकाएँ न केवल अपना परचम फहराएँगी, बल्कि मानव सभ्यता को अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित दिशा भी देंगी। यही सृष्टि का स्वाभाविक और आवश्यक संतुलन है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3763




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3762 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक कंजूस अपने खेत में जा रहा था. अचानक उसे कांटा चुभ गया. वह बड़ी बहादुरी से कांटा निकालते हुए बोला, 'ईश्वर तेरा लाख-लाख धन्यवाद है कि मैं जूते पहनकर नहीं आया वरना मेरे अच्छे जूते में सूराख हो जाता.'

एक किरायेदार ने मकान मालिक से शिकायत की कि 'जनाब ये आपका मकान कैसा है ? दिन-रात चूहों की भागदौड़ देखने को मिलती है.'

मकान मालिक ने कहा- 'तो क्या आप दस रुपये में घुड़दौड़ देखना चाहते हैं ?'

मालकिन: कितनी बार कहा है कि सुबह छह बजे दूध दिया करो.

दूधवाला: हम छह बजे दूध नहीं ला सकते. छह बजे नल में पानी भी नहीं आता.

एक साहब को खाने के बाद उंगलियां चाटने की आदत थी. एक बार एक दावत में उन्होंने उंगलियां चाटनी शुरू कर दीं, बाजू वाले साहब ने भी अपना हाथ आगे करके कहा-जरा इसे भी साफ कर दो.

जज जेबकतरे से-अच्छा बताओ तुमने भलाई का कोई काम किया ?

जेबकतरे ने जवाब दिया-सर, हमीं लोगों के कारण पुलिस विभाग और अदालत में हजारों लोगों को राजी-रोटी का सहारा मिला है.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3763



**बायें से दायें:-**

१. अमोल पालेकर, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली अक्षयकुमार, मधु की फिल्म-३
६. सुनीलदत्त, नूतन की 'सावन का महीना' गीत वाली फिल्म-३
७. 'ये हवाएं सर्द हैं' गीत वाली राजेश, मिथुन, शबाना की फिल्म-४
१०. फिल्म 'नरसिम्हा' में नायक कौन था-२
११. 'तुम को कितना है प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'आवाज दे कहाँ है दुनिया मेरी जवां है' की गायिका कौन थी-४
१४. 'अनपढ़' में धर्मेन्द्र की नायिका-२
१५. फिल्म 'देवदास' में 'चंद्रमुखी' कौन बनी है?-३
१६. 'दिन प्यार के आये रे' गीत वाली शेखर, कामिनी कौशल की फिल्म-२
१७. अमिताभ, शशिकपूर, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
१८. शशिकपूर, जीनत की 'लैला ने भी प्यार किया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सुना था देखा न था' गीत वाली आफताब, उर्मीला की फिल्म-२
२१. आमिर, माधुरी की 'खभे जैसी खड़ी हैं' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'ब्लैकमेल' में नायिका कौन थी?-२
२३. अक्षय, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'ऊपरवाला दुखियों की' गीत वाली दिलीप, सायरा बानो की फिल्म-३
२८. प्रसिद्ध बालगीत 'आओ बच्चों तुम्हें दिखायें' किस फिल्म का हैं?-३
२९. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
३०. प्रदीपकुमार, वैजयंती की 'जादूगर सैंया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
२. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
३. अक्षय कुमार, करिश्मा की 'सच कहते हैं हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. राज कपूर, नर्गीस की 'ये शाम की तनहाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
८. 'बात बात में रूठो ना' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
९. 'शोला और शबनम' में नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'सनम बेवफा' में चांदनी के साथ नायक कौन था?-४
१२. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम की फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'काले लिबास में बदन' गीत वाली इंद्रकुमार, आयशा की फिल्म-३
१७. जॉय मुखर्जी, सायरा की 'उड़ के पवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'ऐ दीवाने दिल' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३
२१. 'हाँ हाँ ये प्यार है' गीत वाली फिल्म-३
२४. फिल्म 'अंखियों से गोली मारे' की नायिका कौन है?-३
२५. 'काश तुम मुझ' गीत वाली संजय, रवीना, करिश्मा की फिल्म-३
२६. 'सपने में मिलती है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'भूत' में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका किसने की है?-२
२८. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3762



## सूडोकु -3763


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3762 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

## शब्द पहेली - 3763



**बाएँ से दाएँ**

1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -3762 का हल



# नोएडा का 'ड्रेन-डिटॉक्स' प्लान, यमुना को मिलेगी नई ज़िंदगी

## 24 ड्रेन की कोडिंग, 2028 तक का एक्शन प्लान बनाया, नए एसटीपी को मंजूरी







**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने शहर की ड्रेनों से बहने वाले घरेलू गंदे पानी के इन-सीटू और एक्स-सीटू ट्रीटमेंट करने की एक योजना को मंजूरी दी है। यह काफी समय से लंबित प्रस्ताव था, जिसका उद्देश्य कोंडली सिंचाई नाले और यमुना नदी में बिना ट्रीट किए सीवेज के प्रवाह को रोकना है।

यह मंजूरी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अभिषेक कुसुम गुप्ता बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में दी गई है। एनजीटी ने 3 अगस्त 2022 के आदेश में शहरी निकायों को यह सुनिश्चित करने को कहा था कि बिना ट्रीट किए अपशिष्ट जल सिंचाई नालों में न छोड़ा जाए।

इसके बाद नोएडा प्राधिकरण ने ड्रेनों की स्थिति,प्रदूषण और ट्रीटमेंट के उपायों का आकलन करने के लिए नेशनल इनवायरमेंट इंजीनयिरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (CSIR-NEERI) को नियुक्त किया था। प्राधिकरण और नीरी के बीच 21 जुलाई 2022 को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

### डी-1 ये डी-24 तक की कोडिंग

नीरी ने नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र की करीब 30 ड्रेनों का अध्ययन किया, जिनमें से 24 ड्रेन सक्रिय पाई गईं। शेष ड्रेन या तो सूखी हैं या उनमें कोई डिस्चार्ज नहीं है। सक्रिय ड्रेनों को डी 1 से डी 24 तक कोड दिए गए और उनके प्रवाह व प्रदूषण स्तर के आधार पर वर्गीकृत किया गया।

कोर्ट के निर्देशों के तहत कुछ ड्रेनों को पहले ही इंटरसेप्ट किया जा चुका है। ड्रेन डी 20 को होजरी कॉम्प्लेक्स क्षेत्र के सीवेज पंपिंग स्टेशन पर ट्रैप किया गया है। ड्रेन डी 6, डी 7 और डी 8 को सेक्टर-33 के संप वेल पर इंटरसेप्ट किया गया है।

बोर्ड के अनुसार ड्रेन डी 2 फिलहाल सूखी है, जबकि ड्रेन डी 5 एसटीपी-54 से शोधित जल लेकर सेक्टर-23 में सिंचाई नाले में मिलती है, इसलिए इन पर अतिरिक्त कार्य की जरूरत नहीं है।

### नए एसटीपी बनाने को भी मंजूरी

बोर्ड ने जून 2026 तक अन्य ड्रेनों को इंटरसेप्ट करने की समयसीमा भी मंजूर की है। इसके तहत ड्रेन डी 10 और डी 11 को सेक्टर-50 स्थित एसटीपी पर और ड्रेन डी 18 को सेक्टर-106, भंगेल के एसपीएस पर ट्रैप किया जाएगा, ताकि सीवेज का उपचार सुनिश्चित हो सके। अधिक प्रदूषण भार वाली प्रमुख ड्रेनों के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने को भी हरी झंडी दी गई है।

### एमबीबीआर और एफएबीएएस तक का होगा यूज

नीरी द्वारा तैयार डीपीआर के अनुसार ड्रेन ष्ठ3 (सेक्टर-22), डी 21 (गेझा रोड, बायोडायवर्सिटी पार्क के पास) और ड्रेन डी 24 (सेक्टर-126 से मयूर स्कूल की ओर) के लिए मूविंग बेड बायो फिल्म रिक्टर (एमबीबीआर) तकनीक आधारित एसटीपी बनाए जाएंगे। इन पर कुल लगभग 75 करोड़ रुपए की लागत आएगी और इन्हें जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

इसके अलावा ड्रेन ष्ठ22 (सेक्टर-44, महामाया फ्लाईओवर से पंचशील की ओर) के लिए FABAS तकनीक पर आधारित एसटीपी को भी मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर करीब 127.5 करोड़ रुपए खर्च होंगे और इसे भी जून 2027 तक पूरा किया जाना है।

### इन पर दिसंबर 2028 तक होगा काम

अन्य प्रमुख ड्रेनों डी 4, डी 9, डी 12, डी 15, डी 16 और डी 19 के लिए नीरी बाद में डीपीआर सौंपेगा। इन पर उपचार कार्य अगले चरणों में होंगे, जिनकी समयसीमा दिसंबर 2028 तक रखी गई है। वहीं कम और मध्यम प्रदूषण वाली ड्रेनों डी 13, डी 14, डी 17 और डी 23 — के लिए बायो-रिमेडिएशन और फाइटो-रिमेडिएशन तकनीक अपनाई जाएगी।

# एनसीआर क्षेत्र से मोबाइल फोन चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश, छः अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से विभिन्न कम्पनियों के चोरी किये गये 821 मोबाइल फोन बरामद**

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**



**नोएडा।** थाना फेस टु पुलिस ने ककराला में चैकिंग के दौरान मोबाइल फोन चोरी करने वाले छः गोविन्दा महतो पुत्र राम विलाश महतो निवासी ब्रह्मा मंदिर के पासल ग्राम तिगरी थाना बिसरख नोएडा मूलपता ग्राम अब्जूगंज थाना सुल्तानगंज जिला भागलपुर बिहार, रोहित सैनी पुत्र विक्रम सैनी निवासी ग्राम बड़ा मवाना थाना मवाना जिला मेरठ हाल पता हनुमान मंदिर के पास संतोष मेडिकल के सामने खजूर गेट हैबतपुर थाना बिसरख नोएडा, श्याम कुमार राय पुत्र मांगे लाल राय निवासी जितेन्द्र का मकान ग्राम तिगरी थाना बिसरख नोएडा मूलपता ग्राम महाराजपुर थाना तिलझड़ी जिला साहिबगंज झारखण्ड, भरतीया महतो पुत्र राम चन्द्र महतो निवासी जितेन्द्र का मकान ग्राम तिगरी थाना बिसरख नोएडा मूलपता ग्राम महाराजपुर थाना तिलझड़ी जिला साहिबगंज झारखण्ड, शेखर पुत्र राम महतो निवासी जितेन्द्र का मकान ग्राम तिगरी थाना बिसरख नोएडा मूलपता ग्राम महाराजपुर थाना तिलझड़ी जिला साहिबगंज झारखण्ड, प्रदीप कुमार पुत्र राम सूरज महतो निवासी जितेन्द्र का मकान ग्राम तिगरी थाना बिसरख नोएडा मूलपता ग्राम महाराजपुर थाना तिलझड़ी जिला साहिबगंज झारखण्ड अभियुक्तों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।और दो बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस भिन्न-2 कम्पनी के 821 कीमती मोबाइल फोन अनुमानित कीमत लगभग छः से आठ करोड़ रुपये बरामद किए है।अभियुक्तगण व बाल अपचारीगण द्वारा एनसीआर क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले बाजारो, सब्जी व फलों की मंडियो व साप्ताहिक बाजारों में मौका पाकर लोगो के कीमती मोबाइल फोन चोरी करते है और ये सभी लोग विशेषकर सर्दियो के मौसम में व्यक्तियो की पहनी जैकेट से चोरी करते है तथा सभी अभियुक्तगण ग्राहकों का ध्यान भंग होने की प्रतीक्षा करते थे तथा थोड़ी सी भी चूक होने पर तुरन्त मोबाइल फोन लेकर गायब हो जाते है। और अपने यहां झारखण्ड, बिहार व अन्य राज्यों में जाकर चोरी के मोबाइल फोन बेचकर आर्थिक लाभ कमाकर अपनी मौज-मस्ती में खर्च कर देते है।

**नोएडा प्राधिकरण का सीईओ का बड़ा एक्शन**

# एक लेखपाल बर्खास्त दूसरे का रोका वेतन, कार्य में लापरवाही का आरोप

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के भू लेख विभाग में कार्यरत लेखपाल शुभम भारद्वाज को बर्खास्त किया गया साथ ही सीमा यादव का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। दोनों पर आरोप है कि ये लोग अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे है। प्राधिकरण ने बताया कि ये दोनों ही अदालत के प्रकरणों, शासकीय कार्यों, आईजीआरएस और आरटीआई से संबंधित प्रकरणों पर समय से काम नहीं कर रहे। इसके अलावा उनके कार्यक्षेत्र से अधिसूचित क्षेत्र व अर्जित भूमि पर अवैध अतिक्रमण के संबंध में निरंतर अवैध अतिक्रमण की शिकायतें भी मिल रही है। उक्त दोनों कर्मियों की ओर से अपने पदीय दायित्वों की अवहेलना करना एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की पालन नहीं करने पर %उत्तर प्रदेश सरकारी आचरण नियमावली 1956 एवं नोएडा सेवा नियमावली 1981 में निहित सरकारी कर्मचारी के कर्तव्यों का घोर उल्लंघन है।

### प्राधिकरण सीईओ ने दी चेतावनी

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने स्पष्ट किया कि प्राधिकरण में कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, भ्रष्टाचार या अनुशासनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता की शिकायतों की अनदेखी करने वाले कर्मियों पर इसी तरह कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को रोकने में विफल रहने वाले संबंधित बीट क्षेत्र के उत्तरदायी कर्मियों की जवाबदेही तय कर उन्हें प्राधिकरण से बाहर किया जाएगा।

# यमुना एक्सप्रेसवे अंडरपास पर रेहड़ी-पटरी से हादसों का खतरा

## पुलिस ने कार्रवाई की चेतावनी दी, 43 को नोटिस

**जेवर।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के सालारपुर अंडरपास के पास मुख्य मार्ग पर अवैध रेहड़ी-पटरी के कारण हादसों का खतरा बढ़ गया है। पुलिस ने लगभग 15 दिन पहले 43 रेहड़ी-पटरी वालों को हटने के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी ठेले नहीं हटाए गए हैं।

स्थानीय पुलिस के अनुसार, मुख्य सड़क पर फल, सब्जी और अन्य सामान बेचने के लिए लगाई गई रेहड़ियां सड़क को संकरा कर देती हैं। इससे यातायात बाधित होता है और अक्सर जाम लग जाता है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच अचानक रुकने या मुड़ने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। अंडरपास के पास, जहां वाहनों का दबाव अधिक रहता है, यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है।

दनकौर कोतवाली पुलिस ने बताया कि 43 रेहड़ी-पटरी वालों को पहले ही मुख्य मार्ग से अपने ठेले हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों की लगातार अनदेखी की जा रही है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठेले नहीं हटाए गए, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुर्माना लगाना और ठेले जब्त करना भी शामिल हो सकता है।

स्थानीय निवासियों ने भी पुलिस से मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है, ताकि यातायात सुचारु हो सके और बड़े हादसों से बचा जा सके।

पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही एक अभियान चलाकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाएगा।

### ग्रेटर नोएडा में बीच रोड पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में बीच रोड पर कुछ युवक कार पर बैठकर शराब पी रहे थे। सामने से आई-20 कार से दो दोस्त निकल रहे थे। बीच में गाड़ी खड़ी देखकर दोनों दोस्तों ने नशे में धुत्त 7-8 युवकों को गाड़ी किनारे करने को कहा। जिसके बाद सभी भड़क गए और सब ने मिलकर दोनों दोस्तों को बुरी तरह पीटा। इसके बाद भाग गए। रोड से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों दोस्तों को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान एक युवक ने अपने भाई को आरोपियों के नाम बताए थे। लेकिन कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे दोस्त अभी भी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और आगे की जांच जारी है।

# रिकवरी एजेंट की हत्या कर फरार चल रहे दो बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली





**ग्रेटर नोएडा।** थाना दादरी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सोमवार देर रात जारचा अंडरपास के पास मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इनके पास से दो अवैध तमंचे कारतूस बरामद किए हैं।

बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में घायल हुए आरोपी प्रशान्त उर्फ सिट्ठू और प्रशांत को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि देर रात दादरी पुलिस जारचा अंडरपास के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखे। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर बदमाशों ने भागने की कोशिश की और खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग झोंक दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाश घायल होकर गिर पड़े।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि, दोनो आरोपी हत्या के मामले में फरार चल रहे थे। मामूली रंजिश में कैमराला गांव के रहने वाले हरकेश और उसके चचेरे भाई मोहित के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की थी और उनकी गाड़ी तोड़ दी थी। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान हरकेश की मृत्यु हो गई।

पुलिस इन आरोपियों की तलाश में जुटी थी। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, इंश्योरेंस के नाम पर 'बोनस' का लालच देकर करोड़ों की ठगी

## पुलिस ने 13 साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार



**नोएडा। वकार सैफी।** सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाना और थाना सेक्टर-63 की टीम ने ज्वाइंट आपरेशन चला कर सेक्टर-63 के एच-198 बिल्डिंग में चल रहे एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 13 शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जो देशभर के लोगों को बीमा पॉलिसी रिन्यू करने और भारी बोनस दिलाने के नाम पर अपना शिकार बना रहे थे।

बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खडे साइबर अपराधियों की टोली लोगों को फोन करके खुद को नामी बीमा कंपनियों का एजेंट बता कर पहले लोगो का विश्वास हासिल करती थी, फिर ग्राहकों को झांसा दिया जाता था कि उनकी पॉलिसी का बोनस मिलने वाला है या सरेंडर वैल्यू या मैच्योरिटी की राशि बढ़ाई जा सकती है या फिर पुरानी पॉलिसी पर अतिरिक्त लाभ दिलाने का लालच देती थी और फर्जी लुभावनी स्कीमें बताकर लोगों को बैंक खातों में पैसे डालने के लिए प्रेरित करते थे। ठगी की रकम को %म्यूल अकाउंट्स (दूसरों के बैंक खातों) में मंगाया जाता था और बाद में आपस में बांट लिया जाता था।

डीसीपी साइबर क्राइम ने बताया कि पकड़े गए आरोपी शिक्षित हैं। गैंग का मास्टर माइंड छत्रपाल शर्मा एमबीए पास है, जबकि अन्य आरोपी समीर (B.Com) और सुहैल (B.A) ग्रेजुएट हैं। बाकी आरोपी भी 12वीं पास हैं, जो कॉल सेंटर में बैठकर लोगों को जाल में फंसाने का काम करते थे. पुलिस ने अवैध कॉल सेंटर से भारी मात्रा में तकनीकी उपकरण बरामद 31 मोबाइल फोन, 02 लैपटॉप मय चार्जर, और 01 मॉडम, P&T टेलीकॉलर सिस्टम। 721 वर्क डेटा शीट (जिसमें हजारों संभावित शिकारों की सूची थी) और 02 डायरियां बरामद की है।

### गीले तौलिया की वजह से साउथ कोरियन बॉयफ्रेंड की हत्या

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में गर्लफ्रेंड ने अपने साउथ कोरियन बॉयफ्रेंड के सीने पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। सोमवार को युवती से पूछताछ की गई। उसने बताया हम दोनों के बीच गीले तौलिया को लेकर झगड़ा शुरू हुआ था। मृतक का तौलिया गीला था। इस पर साउथ कोरियन नागरिक आरोपी पर भड़क गया। मृतक ने आरोपी युवती को गंदा व गरीब बोला। विवाद इतना बढ़ गया कि युवती ने सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर दिया। मृतक के परिजन सूचना के बाद भी साउथ कोरिया से भारत नहीं आए। इस कारण रविवार को शव को पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। सोमवार को परिजनों ने लिखित अनुमति दूतावास को दी। जिसके बाद दूतावास के अफसरों ने आकर पोस्टमॉर्टम कराया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चाकू के वार से ही मौत होना आया है। ये जख्म हार्ट की ओर काफी गहरा था।

# नए साल की पार्टी में दोस्त को 15वीं मंजिल से फेंका

## दो आरोपी गिरफ्तार, पांच की तलाश जारी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने नए साल की पार्टी के दौरान 15वीं मंजिल से एक युवक को नीचे फेंकने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शराब के नशे में झगड़े के बाद युवक को नीचे फेंका गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पांच अन्य आरोपी अभी फरार हैं।

मृतक की पहचान सिवान, बिहार निवासी विनीत राज के रूप में हुई है। वह बिसरख थाना क्षेत्र की आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी के फ्लैट नंबर 1204 में रहता था।

उसके साथ दो दोस्त भी रहते थे। नए साल के जश्न के लिए उसके पुराने रूममेट्स सहित सभी दोस्त इकट्ठा हुए थे। पार्टी के दौरान सभी ने शराब पी। इसी बीच पुराने विवाद,गाड़ी को एक्सीडेंट करने के मामले को लेकर उनके बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद जल्द ही गाली-गलौज और हाथापाई में बदल गया।

इसी दौरान आरोपियों ने विनीत को 15वीं मंजिल से नीचे फेंक दिया। विनीत के गिरते ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। नीचे गिरते ही विनीत की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और विनीत के परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, जिसके बाद आरोपियों के नाम सामने आए।

# शार्ट न्यूज

### 10 दिन से बिजली ठप : जहांगीरपुर में ग्रामीणों ने बिजलीघर का घेराव कर प्रदर्शन किया

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित जहांगीरपुर कस्बे के अंसारियान मोहल्ले में पिछले दस दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। इससे परेशान ग्रामीणों ने सोमवार देर शाम बिजलीघर का घेराव कर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन (भूमिपुत्र) के पदाधिकारी भी ग्रामीणों के समर्थन में मौके पर पहुंचे। मोहल्ले का ट्रांसफॉर्मर करीब दस दिन पहले खराब हो गया था। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को कई बार लिखित शिकायतें दीं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। लगातार बिजली न होने से पानी की किल्लत भी पैदा हो गई थी, जिससे लोगों में असंतोष था। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी शिव प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने अवर अभियंता से फोन पर बात की और ट्रांसफॉर्मर जल्द ठीक कराने का आश्वासन दिलाया। पुलिस के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए और उन्होंने घेराव समाप्त कर दिया। प्रदर्शन के दौरान सुहैल खान, अशफाक खान, ठाकुर भानु प्रताप, नियाज़ मोहम्मद, फुरकान कुरैशी और जीतू चौहान सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### किसानों ने प्राधिकरण के खिलाफ की महापंचायत

**जेवर।** जेवर एयरपोर्ट और यमुना प्राधिकरण से प्रभावित किसानों ने सोमवार को गांव रौनिजा में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के बैनर तले महापंचायत की। इस दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद देर शाम धरना समाप्त हुआ। महापंचायत में किसानों ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा कई साल पहले अधिग्रहित की गई जमीन के बदले उन्हें अभी तक 7 प्रतिशत आबादी भूखंड नहीं दिए गए हैं। किसानों ने मांग की कि आबादी भूखंडों को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बढ़ती महंगाई को देखते हुए उन्होंने प्राधिकरण से मुआवजे की राशि बढ़ाने की भी मांग की। किसानों ने यह भी मांग की कि यहां स्थापित होने वाली फैक्ट्रियों में स्थानीय लोगों को 40 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। साथ ही, शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों में स्थानीय लोगों के लिए छूट का प्रावधान किया जाए।

### एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, तीन गंभीर घायल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार शाम एक सड़क हादसा हुआ। टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली से हो गई। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का पास के ही एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा मथुरा की ओर से नोएडा आ रही एक तेज रफ्तार कार के ओवरटेक के दौरान हुआ। कार आगे चल रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में कार में सवार दो लोग और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जेवर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के कारण ट्रैक्टर में लदी ईंटें एक्सप्रेसवे पर बिखर गईं, जिन्हें पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद हटाया।

### कड़ाके की ठंड के साथ वायु प्रदूषण भी बढ़ा

**नोएडा।** कड़ाके की ठंड के साथ बढ़े प्रदूषण ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार को नोएडा और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहा। दोपहर में खिली धूप निकलने से ठंड से मामूली राहत मिली। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो एक दिन पहले के मुकाबले एक डिग्री अधिक है। वहीं, मौसम विज्ञान विभाग ने अधिकतम तापमान के आंकड़े जारी नहीं किए। पूर्वानुमान के अनुसार अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह नौ बजे के बाद से शाम चार बजे तक खिली धूप निकली, लेकिन बर्फीली हवा के कारण कड़ाके की ठंड बरकरार रही।दिनभर ठंडी हवा के कारण गलन बढ़ गई। अगले छह दिनों तक अधिकतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। न्यूनतम तापमान आठ से नौ डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा सकता है। पिछले साल दिसंबर के अंतिम सप्ताह से जनवरी के पहले हफ्ते तक न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा था। वहीं, अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम नहीं हुआ था।

### चपरासी के हत्यारे को 14 साल बाद उम्रकैद

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने 14 साल पहले हुई स्कूल के चपरासी की हत्या के मामले में दोषी धर्मवीर निवासी वैदपुरा को मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। इस मामले में एक आरोपी को न्यायालय ने बरी कर दिया, जबकि एक आरोपी की मौत हो चुकी है। एडीजीसी शिल्पी भदोरिया ने बताया कि यह मामला वर्ष 2011 का है। वादी धीरज सिंह ने थाना बिसरख पुलिस को बताया था कि उसका भाई कालू राम उर्फ कल्लू निवासी ग्राम वैदपुरा गाजियाबाद के एक स्कूल में चपरासी था। वह 29 मार्च 2011 को घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं आया।परिजनों ने कल्लू की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 31 मार्च 2011 को थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में एक अज्ञात शव पड़ा है। शव की पहचान कालू राम उर्फ कल्लू के रूप में हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि गांव के ही रहने वाले धर्मवीर, अशोक और महेंद्र ने 80 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर कल्लू की हत्या की।

### ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटी में सुविधाएं न होने से दिक्कत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित बुलंद एलिवेट सोसाइटी में लोगों को सुविधाएं न मिलने ले परेशानी हो रही है। आरोप है कि सोसाइटी में क्लब हाउस और पार्किंग की सुविधा बिल्डर द्वारा नहीं दी गई है, जिसको लेकर कई बार मांग भी की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। सोसाइटी में रहने वाले हरदम और जितेंद्र ने बताया कि परिसर में अभी एक टावर में ही लोग रह रहे हैं, जिसमें करीब 120 परिवार रहते हैं, लेकिन बिल्डर ने लोगों को आधी अधूरी सुविधाओं के साथ फ्लैट सौंप दिए हैं। सोसाइटी में क्लब हाउस का निर्माण नहीं किया गया है।पार्क की सुविधा न होने से उनके पास टहलने के लिए कोई स्थान नहीं है। पार्किंग की भी व्यवस्था नहीं है। बेसमेंट का कार्य अभी अधूरा है। लोग बाहर खुले में ही अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा करते हैं, जिससे आने जाने में परेशानी होती है। कई बार बिल्डर प्रबंधन से मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। वहीं, बिल्डर प्रबंधन की तरफ से मैनेजर हरिलाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### यीडा में जल्द नए अफसर नियुक्त होंगे

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में चल रही और प्रस्तावित परियोजनाओं को रफ्तार देने के लिए प्लानिंग और परियोजना विभाग को मजबूत करने की तैयारी में है। इसके लिए शासन को अहम पदों पर नियुक्तियों का प्रस्ताव भेजने की तैयारी है। इनमें जीएम प्लानिंग, जीएम प्रोजेक्ट टेक्निकल समेत अन्य पद शामिल हैं। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नागेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में कई परियोजनाएं निर्माणाधीन है, जबकि कई अहम परियोजनाएं प्रस्तावित है, लेकिन संसाधन की कमी के चलते परियोजनाओं के क्रियान्वयन में दिक्कतें आ रही हैं। प्राधिकरण में कुल 282 पद सृजित हैं, जिनमें से 200 से अधिक पद लंबे समय से खाली पड़े हैं।आउट सोर्स अधिकारी और कर्मचारी से प्राधिकरण काम ले रहा है। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव नियोजन और परियोजना विभाग पर पड़ता है। नियोजन विभाग में जीएम का पद खाली होने के चलते नई परियोजनाएं गति नहीं पकड़ पा रही है। बताया गया कि बिना मजबूत प्लानिंग के किसी भी विकास परियोजना को समय पर पूरा करना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, फाइलेरिया नियंत्रण व जननी सुरक्षा योजना की हुई विस्तृत समीक्षा

**पीलीभीत।** मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, नियमित टीकाकरण एवं फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।




बैठक के दौरान मातृ मृत्यु दर, जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रसव एवं भुगतान की स्थिति, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों पर होने वाले प्रसव, आशा कार्यकर्ताओं के भुगतान, एसएनसीयू/एनवीएसयू की प्रगति रिपोर्ट, एनआरसी में एसएएम बच्चों की भर्ती, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जन्मजात दोष से ग्रसित बच्चों की सर्जरी, ई-कवच आभा आईडी, परिवार नियोजन, आयरन-फोलिक एसिड सप्लीमेंटेशन, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की क्रियाशीलता, ई-संजीवनी ओपीडी, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने सरकारी अस्पतालों एवं उपकेंद्रों पर संस्थागत प्रसवों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित कराने, जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लंबित भुगतानों को शीघ्र निस्तारित कराने तथा परिवार नियोजन कार्यक्रम में अधिक से अधिक नसबंदी कराने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही परिवार नियोजन को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में गर्भवती महिलाओं व बच्चों के नियमित टीकाकरण तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से कुपोषित व अति-कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिए गए। आशा कार्यकर्ताओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीलीभीत में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, चार गिरफ्तार

## 300 किलो लहन नष्ट, 75 लीटर कच्ची शराब बरामद

**पीलीभीत।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। उत्तर प्रदेश आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सघन प्रवर्तन अभियान चलाया, जिसमें चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

यह अभियान 06 जनवरी 2026 को जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया। आबकारी निरीक्षक (क्षेत्र-1, 4 एवं 5) ने अपने स्टाफ तथा थाना माधोटांडा पुलिस के साथ मिलकर कलीनगर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान कलीनगर और भैरों खुर्द कलां गांवों के संदिग्ध ठिकानों पर अचानक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने करीब 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। मौके पर अवैध शराब बनाने की कई भट्टियों को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त लगभग 300 किलोग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में तीन अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किए गए।

पुलिस ने मौके से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिन्हें विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पूरनलाल पुत्र राममूर्तिलाल, गेंदनलाल पुत्र स्व. छोटेलाल, रामवती पत्नी रमेश तथा मायादेवी पत्नी स्व. डोरीलाल के रूप में हुई है। सभी आरोपी कलीनगर, थाना माधोटांडा क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं।

# शार्ट न्यूज

## कर्ज से परेशान होकर युवक ट्रेन के आगे कूदा, मौत

**मेरठ।** मेरठ में सोमवार सुबह कर्ज से परेशान एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक लंबे समय से मानसिक तनाव और डिप्रेशन से जूझ रहा था। घटना सुबह करीब 8 बजे की है, जब रेलवे ट्रैक से एक ट्रेन गुजर रही थी। इसी दौरान युवक अचानक ट्रेन के सामने कूद गया। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद रेलवे ट्रैक पर शव के क्षत-विक्षत टुकड़े दूर तक फैल गए। घटनास्थल से गुजर रहे लोगों ने शोर मचाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव के अवशेषों को एकत्र कर पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी भिजवाया। साथ ही पुलिस मामले की जांच की जा रही है। यह घटना ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में आने वाली लखनऊ रेलवे लाइन का है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव की पहचान के प्रयास शुरू किए। इसी दौरान घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति ने युवक की पहचान शाहबुद्दीन पुत्र शहजाद, निवासी रशीद नगर के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

## पूर्व प्रधान के बेटे ने अपने घर से गहने चुराए

**धौलाना।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पूर्व प्रधान के पुत्र ने अपने ही घर से गहने चुराकर बैंक से 95 हजार रुपये का लोन लिया। उसने यह राशि शेयर बाजार में निवेश कर दी। बाद में युवक ने गहने चोरी होने की झूठी सूचना पुलिस को दी, लेकिन सख्ती से पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। युवक ने लगभग 15 दिन पहले घर से गहने चुराए थे। इन गहनों को बैंक में रखकर उसने 95 हजार रुपए का ऋण लिया और उसे शेयर बाजार में लगा दिया। सोमवार रात उसने घर में रखी अलमारी और सेफ का सामान बिखेर दिया, ताकि चोरी का नाटक रचा जा सके। सुबह युवक ने परिजनों को गहने चोरी होने की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रवीन कुमार पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच और बातचीत के दौरान पुलिस को युवक पर चोरी का संदेह हुआ। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई और उससे कड़ाई से पूछताछ की।

## कानपुर में किडनैप कर नाबालिग से गैंगरेप

**कानपुर।** कानपुर में स्कॉर्पियो सवार पुलिसकर्मी ने दोस्त के साथ 14 साल की नाबालिग को किडनैप कर उसके साथ गैंगरेप किया। आरोपी करीब 2 घंटे तक कार के अंदर छात्रा से हैवानियत करते रहे। जब वह बेहोश हो गई तो उसे घर के सामने फेंक कर फरार हो गए। भाई ने देर रात ही डायल-112 पर सूचना दी। इसके बाद भी पुलिस ने मामले में कोई एक्शन नहीं लिया। आरोप है कि पुलिस वाले के शामिल होने के चलते पुलिस मामले में टरकाती रही। मंगलवार को पीड़ित अफसरों के पास पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने छात्रा को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है। सचेंडी थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने बताया कि मैं सोमवार रात करीब 10 बजे शौच के लिए घर से निकली थी। इस दौरान स्कॉर्पियो सवारों ने मुझे जबरन अंदर खींच लिया। आरोपी सचेंडी में रेलवे ट्रैक के किनारे सूनसान जगह पर ले गए। आरोपियों में एक पुलिस वाला था। दोनों ने स्कॉर्पियो के अंदर ही मेरे साथ गैंगरेप किया। मैं चिल्लाती रही। मगर आरोपी नहीं माने।

## संभल में 3.18 लाख मतदाताओं के नाम कटे

**संभल।** संभल जिले में मतदाता सूची से 3.18 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। यह कार्य पांच प्रमुख राजनीतिक दलों और जिला प्रशासन की सतर्कता के बाद 26 दिसंबर को पूरा हुआ, जिसके बाद आज सूची का प्रकाशन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय बढ़ाने के बाद चिन्हित किए गए वोटों की लगातार मैपिंग की गई थी। हटाए गए मतदाताओं की संख्या के मामले में शिक्षामंत्री गुलाब देवी की चंदौसी विधानसभा सबसे आगे रही। इसके बाद गुन्नौर विधानसभा दूसरे, संभल विधानसभा तीसरे और असमोली विधानसभा चौथे स्थान पर रही। संभल जिले में पहले कुल 15,70,306 मतदाता थे। SIR (Special Summary Revision) प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 12,51,705 (लगभग 80 प्रतिशत) मतदाता बचे हैं। कुल 3,18,601 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। हटाए गए मतदाताओं में मृतक, अनुपस्थित, स्थानांतरित (शिफ्टेड), डुप्लीकेट और अन्य श्रेणियों के लोग शामिल हैं।

## मऊ में मिड-डे मील रसोइयों का प्रदर्शन

**मऊ।** मऊ में उत्तर प्रदेश मिड डे मील रसोइया यूनियन की सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा, जिसमें न्यूनतम वेतन और अन्य सुविधाओं की मांग की गई है। प्रदर्शनकारी रसोइयों का आरोप है कि सरकार स्कीम वर्करों के साथ भेदभाव कर रही है। उन्हें जीवन सुरक्षा की गारंटी नहीं मिल रही है और न ही समय पर वेतनमान का भुगतान किया जा रहा है। रसोइयों को अभी तक मजदूर का दर्जा भी नहीं दिया गया है। इसके अलावा, नवीनीकरण के नाम पर छंटनी और नौकरी से निकालने की धमकियां दी जा रही हैं। रसोइयों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिट संख्या 9927/2020 में 15 दिसंबर 2020 के आदेश का पालन करने की मांग की। इस आदेश के तहत, 15 अप्रैल 2020 तक सभी रसोइयों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुसार न्यूनतम वेतन और बकाया राशि का भुगतान किया जाना था। हालांकि, इस दिशा में अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

## युवती ने आत्महत्या का किया प्रयास

**बागपत।** बागपत कोतवाली क्षेत्र में एक युवती ने घरेलू विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। यह घटना मंगलवार सुबह करीब दस बजे सामने आई, जब युवती की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने तुरंत युवती को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों की टीम उसका इलाज कर रही है और उसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार, फिलहाल युवती की स्थिति स्थिर है, लेकिन चिकित्सकीय निगरानी जारी है। घटना की सूचना मिलने पर बागपत कोतवाली ने मामले का संज्ञान लिया। बागपत कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि युवती के बयान और परिजनों से जानकारी लेकर मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद को आत्महत्या के प्रयास का कारण बताया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और आवश्यक होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की जमानत याचिका खारिज

**देवरिया।** देवरिया में धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में जिला कारागार में बंद पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को मंगलवार को अदालत से राहत नहीं मिली।
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत ने उनकी जमानत याचिका को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया।
मंगलवार को पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच जिला कारागार से दीवानी न्यायालय परिसर लाया गया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर न्यायालय परिसर और आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। उन्हें सीजेएम न्यायालय में पेश किया गया। उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें विवेचक भी अदालत में उपस्थित रहे।
पिछली सुनवाई के दौरान उन्हें साक्ष्यों के साथ तलब किया गया था। अदालत में अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने जमानत याचिका को लेकर अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किए।

# नवीन रोडवेज बस स्टेशन की स्थापना को कैबिनेट ने दी मंजूरी

## दियूनी केसरपुर में 921.90 लाख की लागत से बनेगा आधुनिक बस स्टेशन

**पीलीभीत।** नये साल की शुरूआत में जिलें को एक नई सौगात मिली है। गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के पूर्व में नवीन रोडवेज बस स्टेशन के भेजे गये प्रस्ताव पर राज्यमंत्रिमण्डल ने अपने मुहर लगा दी है और अब दियूनी केसरपुर में रोडवेज बस स्टेशन की स्थापना एंव उसके निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।गन्ना विकास राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने यात्रियों को सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के लिए पूर्व में शासन को प्रस्ताव भेजा था जिसपर अब कैविनेट ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। रोडवेज बस स्टेशन के निर्माण पर लगभग 921.90 लाख की लागत आयेगी और इसके लिए कचहरी से सटे दियूनीकेसर में 1.317 है0 भूमि अधिगृहित कर ली गई है जहॉ नवीन बस स्टेशन का निर्माण किया जायेगा। बस स्टेशन का निर्माण लगभग 2 वर्ष के अन्दर किया जाना सम्भावित है उक्त भूमि परिवहन निगम को हस्तान्तरित किए जाने का प्रवधान किया गया है। नवीन बस स्टेशन के निर्माण से जहॉ शहर वासियों और आस-पास के जन समान्य को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी वही यात्रियों को बस स्टेशन के निर्माण से आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ अन्य रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होगे। बस अडडे के निर्माण में जन सामान्य एंव यात्रियों हेतु वेटिंग हाल, आधुनिक टायॅलेट, कैनटीन विभिन्न स्ट्राल आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

> प्रदेश कैविनेट ने प्रस्तावित नवीन बस स्टेशन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है जो कचहरी से निकट दियूनी केसरपुर में बनेगा। इस नवीन बस अडडे के निर्माण से जहॉ यात्रियों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी वही जन सामान्य को रोजगार की अवसर भी प्रदान होगें।
>
> **संजय सिंह गंगवार**
> **गन्ना राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार।**

# मोबाइल रिचार्ज न कराने पर युवक ने किया आत्मघाती प्रयास, ट्रक के नीचे लेटने से मचा हड़कंप

**पीलीभीत।** मोबाइल में रिचार्ज कराने से पिता के मना करने पर एक युवक ने आत्महत्या का प्रयास करते हुए चलते ट्रक के नीचे लेटकर सभी को दहशत में डाल दिया। गनीमत रही कि ट्रक चालक ने समय रहते सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को तुरंत रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई और काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

घटना बीसलपुर के प्राइवेट बस स्टैंड के निकट की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक एक युवक सड़क पर आ रहे ट्रक के सामने पहुंचा और देखते ही देखते ट्रक के नीचे घुस गया। चालक ने जैसे ही यह दृश्य देखा, उसने तुरंत ब्रेक लगाकर ट्रक रोक दिया। यदि कुछ सेकेंड की भी देरी होती, तो युवक की जान जा सकती थी।

इस अप्रत्याशित घटना को देखकर राहगीरों और आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। ट्रक रुकने से सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित ट्रक के नीचे से बाहर निकाला।

सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके पिता ने मोबाइल में 350 रुपये का रिचार्ज कराने से मना कर दिया था, इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने युवक को समझा-बुझाकर शांत किया और परिजनों के सुपुर्द कर घर भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, युवक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं बताया जा रहा है, जिसके चलते उसने छोटी सी बात पर इतना बड़ा जोखिम उठा लिया। घटना के बाद काफी देर तक मौके पर लोगों की भीड़ लगी रही और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही।

यह घटना न सिर्फ एक गंभीर चेतावनी है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज और परिवार को अधिक सतर्क और संवेदनशील होने की आवश्यकता है।

# महिलाओं ने कल्याण ज्वेलर्स से 14 लाख के गहने चुराए

**प्रयागराज ।** यूपी के प्रयागराज में कल्याण ज्वैलर्स के शोरूम से 4 महिलाओं ने 14 मिनट में करीब 14 लाख रुपए के गहने चुरा लिए। महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों के साथ पहुंची थीं, ताकि किसी को शक न हो। उनमें एक ने ज्वैलरी खरीदने के बहाने सेल्समैन को अपनी बातों में उलझाया। बाकी महिलाएं पास में ही गहनों वाले काउंटर के पास लगी कुर्सियों पर बैठ गईं। जब सेल्समैन गहने दिखाने में बिजी हो गया तो मौका पाकर एक महिला ने सोने की ईयर-रिंग से भरा डिस्प्ले पैड उठा लिया। उसने डिस्प्ले पैड अपनी बाईं ओर बैठी दूसरी महिला को सौंप दिया, जिसने उसने अपने शॉल में छिपा लिया।

# पिसनारी तिराहे से लेकर राजघाट तिराहे तक सड़क का होगा जीर्णोद्धार : जिलाधिकारी



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मंगलवार को पिसनारी तिराहे से लेकर राजघाट तिराहे तक जीर्णशीर्ण हालत में पड़ी सड़क के जीर्णोद्धार के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अवर अभियंता को सड़क का जीर्णोद्धार कराते हुए गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये, ताकि स्थानीय लोगों का आवागमन सुगम हो सके। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा बताया गया कि लम्बे समय से इस सड़क का जीर्णोद्धार न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी, चूंकि शहर को राजघाट मार्ग से जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों व वाहनों का आना जाना यहां से होता है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए इस सड़क के जीर्णोद्धार का टेण्डर पास करा दिया गया है।

# खोए मोबाइल वापस मिले, तो लौटी मुस्कान: पुलिस ने 05 लोगों के मोबाइल बरामद किए

**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने 05 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन वापस लौटाए। मंगलवार को मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। लोगों ने कहा कि उन्होंने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। पुलिस ने मोबाइल बरामद करके उनके असली मालिक को सौंप दिये है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना महरौनी पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना महरौनी पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 05 गिरे हुए/ खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद कर, उनके स्वामियों को सुपुर्द किया।पीड़ितों का मोबाइल फोन उन्हे वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, ललितपुर व थाना महरौनी पुलिस की भूरि ङ्क भूरि प्रशंसा की गयी । बरामद करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह थाना महरौनी उ. नि. अभिषेक सिंह का. ऑ.विपिन कुमार मोबाइल फोन गिरने/खोने पर क्या करें।

# सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने किया लोगों को जागरूक

**ललितपुर।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। प्रमुख चौराहों पर वाहन चालकों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया गया । उक्त अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया गया । अभियान के दौरान विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर जागरूकता प्रदान की गई। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने के नियम का पालन रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने एवं निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाने की अपील कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें । वाहन चलाते समय हेडलाइट, फॉग लाइट एवं रिफ्लेक्टर का सही प्रयोग करें, हाई बीम का अनावश्यक उपयोग न करें तथा दृश्यता कम होने पर सावधानीपूर्वक वाहन संचालित करें।ड्रिंक एंड ड्राइव के संबंध में विशेष अपील ॰ यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यह भी जागरूक किया जा रहा है कि नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जिससे न केवल चालक बल्कि अन्य राहगीरों के जीवन को भी खतरा उत्पन्न होता है। नशे में वाहन चलाने पर कानून के तहत कठोर दण्डात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। अत: सभी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि नशे की स्थिति में वाहन बिल्कुल न चलाएं।तत्पश्चात, यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा जनपद के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।



# चौपाल से अवैध शराब के खिलाफ किया गया जागरूक

**ललितपुर ।** सदर विधायक डीएम - एसपी द्वारा जन चौपाल लगाकर अवैध शराब निर्माण/बिक्री में संलिप्त लोगो को , होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। माननीय सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा कोतवाली ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चीरा में जन चौपाल का आयोजन किया गया । जनपद ललितपुर में ग्राम चीरा अवैध शराब के निर्माण के लिये कुख्यात है । इस गांव के लोगो द्वारा घरों में अवैध कच्ची शराब का निर्माण करके उसे बेचा जाता है । इसके खिलाफ पुलिस व आबकारी विभाग के द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाहियां भी की गयी है ।उक्त के दृष्टिगत अवैध शराब के निर्माण से जुड़े हुए परिवारो की जनचौपाल के माध्यम से काउन्सिलिंग की गयी । जनचौपाल के माध्यम से उन्हे अवैध शराब के निर्माण से बचने हेतु बताया गया तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जुड़ने हेतु बताया गया ।
जनचौपाल के दौरान अवैध शराब के दुष्परिणामों के बारे में लोगो को जागरूक किया गया और बताया गया कि।
अवैध शराब के सेवन से घरेलू हिंसा, पारिवारिक कलह, आर्थिक तंगी एवं बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नशे की हालत में चोरी, मारपीट, सड़क दुर्घटनाएँ एवं अन्य आपराधिक घटनाएँ बढ़ जाती हैं। नशे की लत के कारण महिलाओं का शोषण, बच्चों की पढ़ाई बाधित एवं उनका मानसिक विकास प्रभावित होता है। नशे की लत से युवा वर्ग शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक जिम्मेदारियों से भटक जाता है और आत्महत्या करने जैसे के लिये घातक कदम उठाता है ।



# पुलिस ने साइबर ठगी से बचाने को गांव में चलाया जागरूकता अभियान

**ललितपुर ।** साइबर अपराधों को रोकने के लिए पुलिस ने मंगलवार को शहर में जागरुकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के समस्त थानों की साइबर क्राइम सेल, पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में आम-जनमानस तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई।डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें । सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें ।



## संक्षिप्त समाचार

### नाइजीरिया में जहाज से 31.5 किलो कोकीन मिली, 22 भारतीय गिरफ्तार

**एबूजा, एजेंसी।** नाइजीरिया में एक कारोबारी जहाज से 31.5 किलो कोकीन बरामद होने के बाद उस पर सवार चालक दल के 22 भारतीय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। नाइजीरिया की मादक पदार्थ रोधी एजेंसी नेशनल ड्रग लॉ एनफोर्समेंट एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार, यह कार्रवाई 2 जनवरी को लागोस के मुख्य बंदरगाह पर की गई। कोकीन की खेप एमवी अरुणा हुल्या जहाज से मिली। यह मार्शल आइलैंड्स से आया था। नशीला पदार्थ मिलने के बाद सभी भारतीय नाविकों को हिरासत में ले लिया गया। एजेंसी ने बताया कि जांच जारी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कोकीन कहां से आई और कहां भेजी जानी थी। जरूरत पड़ने पर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से भी सहयोग लिया जाएगा।

### चीनी प्रोफेसरों व छात्रों ने विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम में लिया भाग

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन की राजधानी बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास में विश्व हिंदी दिवस 2026 के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीजिंग के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों के शिक्षकों और छात्रों ने शिरकत की। चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने इस अवसर पर कहा कि हिंदी भाषा भारत और चीन के बीच सेतु की भूमिका निभाती है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर हिंदी के बढ़ते कद को भी रेखांकित किया।

### पाकिस्तान : अज्ञात हमलावरों ने 4 पुलिसकर्मियों को गोली मारी, मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में अज्ञात बंदूकधारियों की गोलीबारी में चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार को लक्की मरवत के सराय नौरंग शहर में मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने ड्यूटी पर तैनात तीन ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना में बन्नू के मंडन क्षेत्र में एक कांस्टेबल को गोली मारी गई।

### पुर्तगाल में राष्ट्रपति चुनाव में 11 उम्मीदवार मैदान में उतरे

**लिस्बन, एजेंसी।** पुर्तगाल के राष्ट्रपति चुनाव में रिकॉर्ड 11 उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। 18 जनवरी को होने वाले चुनाव से पहले दो सप्ताह का प्रचार अभियान शुरू हो चुका है। बड़ी संख्या में उम्मीदवार होने के कारण किसी के भी 50% से अधिक वोट पाने की संभावना कम मानी जा रही है। जनमत सर्वेक्षण के अनुसार, सत्तारूढ़ सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के लुईस मार्केस और सोशलिस्ट पार्टी के एंटोनियो जोस प्रमुख दावेदार हैं।

### म्यांमार में 6000 कैदियों की रिहाई

**म्यांमार , एजेंसी।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 6,100 से अधिक कैदियों को माफी दी और उन्हें रिहा करने के घोषणा की है। इसके साथ ही कई अन्य कैदियों की सजा भी कम की जाएगी। में कटौती की घोषणा की है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सैन्य सरकार के प्रमुख सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने 6,134 कैदियों को आम माफी दी है। इसके अलावा 52 विदेशी नागरिकों को रिहा कर देश से निर्वासित किया जाएगा। हालांकि, रिहा किए गए कैदियों की कोई विस्तृत सूची जारी नहीं की गई है।

### अब ग्रीनलैंड पर ट्रंप की नजर राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कही बड़ी बात ; रूस–चीन का भी किया जिक्र

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण अमेरिका के कई देशों को खुले तौर पर धमकी दे दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड की जरूरत है। उन्होंने एयरफोर्स वन पर मीडिया से बातचीत में अपने उस पुराने विचार को दोहराया कि आर्कटिक द्वीप पर नियंत्रण जरूरी है। डोनाल्ड ट्रंप का ये बयान साफ इशारा है कि वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई आखिरी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमें ग्रीनलैंड की सख्त जरूरत है। यह बेहद रणनीतिक महत्व रखता है।' इसके साथ ही उन्होंने दावा करते हुए कहा कि यह रूसी और चीनी जहाजों से घिरा हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से हमें ग्रीनलैंड की जरूरत है। यह बेहद रणनीतिक महत्व रखता है और वर्तमान में ग्रीनलैंड रूसी और चीनी जहाजों से घिरा हुआ है।' ट्रंप ने एक बार फिर तर्क दिया कि अमेरिका को पश्चिमी गोलार्ध को प्रतिद्वंद्वी शक्तियों से बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्कटिक में रूस और चीन की बढ़ती गतिविधियों की वजह से ग्रीनलैंड बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर बर्फ पिघलने से नए जल मार्ग और सैन्य अवसर खुल रहे हैं। बीते साल ट्रंप ने कहा था कि उन्हें भरोसा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड पर नियंत्रण हासिल कर लेगा।

## ट्रम्प ने वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति को धमकी दी

# कहा- अमेरिका की बात नहीं मानी तो मादुरो से भी बुरा हाल होगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को बुरा हाल करने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा, 'अगर डेल्सी वह नहीं करतीं जो वेनेजुएला के लिए अमेरिका सही मानता है, तो उनका हाल मादुरो से भी ज्यादा बुरा हो सकता है।' ट्रम्प ने यह बात द अटलांटिक मैग्जीन को दिए इंटरव्यू में कही है। एक दिन पहले ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रोड्रिग्ज से बात की है। वे वेनेजुएला में लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए अमेरिका की अपेक्षाओं पर काम करने को तैयार हैं।

न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा था अगर रोड्रिग्ज अमेरिका की बात मान लेती हैं तो वेनेजुएला में अमेरिकी सेना तैनात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं, रोड्रिग्ज ने मादुरो को सत्ता से हटाने की आलोचना की है। साथ ही अमेरिका से मादुरो को वापस भेजने की मांग की है। वेनेजुएला की सुप्रीम कोर्ट ने उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति बनाने का आदेश दिया है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने डेल्सी रोड्रिग्ज को तुरंत राष्ट्रपति के सभी अधिकारों के साथ अंतरिम तौर पर कार्यभार संभालने के लिए कहा है। ट्रंप का ताजा बयान शनिवार को रोड्रिग्ज के बारे की गई टिप्पणियों के विपरीत है। उन्होंने कहा था कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रोड्रिग्ज से बात की थी और वह वेनेजुएला में



जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अमेरिका द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले कदम उठाने को तैयार हैं। हालांकि, रोड्रिग्ज ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को देश से ले जाने की आलोचना की है और मांग की है कि अमेरिका उन्हें वापस लौटाए। ट्रंप ने पत्रिका से कहा कि 'अगर वह सही काम नहीं करती है, तो उन्हें बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, शायद मादुरो से भी बड़ी।'

**ट्रंप ने जताया था भरोसा :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने रॉड्रिगेज पर भरोसा जताया था। उन्होंने रॉड्रिगेज को लेकर कहा था कि वह वेनेजुएला को फिर से महान बनाने के लिए जो कुछ भी आवश्यक समझती हैं, वह करने को तैयार हैं। ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि वह बहुत ही विनम्र हैं। हम यह जोखिम नहीं उठा सकते कि कोई और वेनेजुएला की सत्ता संभाले जो वेनेजुएला के लोगों के हितों को ध्यान में न रखे।

**अमेरिका की क्या रहेगी भूमिका :** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को संकेत दिया कि अमेरिका 'तेल नाकेबंदी' लागू करने के अलावा वेनेजुएला के दैनिक शासन में कोई भूमिका नहीं निभाएगा। ट्रंप ने एक दिन पहले ही घोषणा की थी कि वेनेजुएल के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद अमेरिका लातिन अमेरिकी देश का शासन संभालेगा। रुबियो के इस बयान को चिंता को कम करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, चिंताएं थीं कि क्या सत्ता परिवर्तन हासिल करने के लिए की गई आक्रामक अमेरिकी कार्रवाई से वेनेजुएला में लंबे समय तक चलने वाला विदेशी हस्तक्षेप या राष्ट्र निर्माण की असफल कोशिश हो सकती है। रुबियो का बयान ट्रंप के उन व्यापक, लेकिन अस्पष्ट, दावों के विपरीत है कि अमेरिका कम से कम अस्थायी रूप से तेल-समृद्ध राष्ट्र का 'शासन' करेगा। ट्रंप के बयान से एक प्रकार की शासन संरचना का संकेत मिला, जिसके तहत काराकस को वाशिंगटन द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। लेकिन रुबियो ने अधिक संतुलित दृष्टिकोण पेश करते हुए कहा कि अमेरिका उस तेल प्रतिबंध को जारी रखेगा, जो शनिवार की सुबह मादुरो को सत्ता से हटाए जाने से पहले ही प्रतिबंधित टैंकरों पर लागू था और वेनेजुएला में नीतिगत बदलावों के लिए दबाव बनाने के साधन के रूप में उस प्रभाव का उपयोग करेगा।

**अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को पत्नी समेत अगवा किया :** अमेरिकी सैनिकों ने 2 जनवरी की रात वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को अगवा कर लिया था। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया है, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन पर हथियार-ड्रग्स से जुड़े मामलों में मुकदमा चलाया जाएगा।

**अमेरिकी हमले में क्यूबा के 32 अधिकारी मारे गए :** वेनेजुएला में हुए अमेरिकी हमले में क्यूबा के 32 अधिकारी भी मारे गए। क्यूबा सरकार ने रविवार देर रात इसकी जानकारी दी। सरकार की तरफ से जारी किए बयान के मुताबिक क्यूबा के सैन्य और पुलिस अधिकारी वेनेजुएला सरकार के अनुरोध पर वहां मिशन पर थे। बयान में यह साफ नहीं किया गया कि क्यूबाई अधिकारी वहां क्या काम कर रहे थे। क्यूबा वेनेजुएला का करीबी सहयोगी है और सालों से अपने सैन्य और पुलिस बल भेजकर मदद करता रहा है।

## हदमाउत और अल-महरा पर यमन सरकार ने फिर किया नियंत्रण, सऊदी अरब समर्थित फोर्स ने एसटीसी को खदेड़ा

**सना, एजेंसी।** दशक भर से युद्ध की मार झेल रहे यमन में बिगड़ते हालात के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां यमन की सरकार ने सऊदी समर्थन वाली होमलैंड शील्ड फोर्स के जरिए हदमाउत और अल-महरा प्रांतों पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है। यह इलाके पहले यूएई समर्थित साउदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीसी) के कब्जे में थे। राष्ट्रपति मोहम्मद अल-अलीमी ने इसे बड़ी सफलता बताते हुए इसकी तारीफ की और लोगों से स्थानीय प्रशासन व सुरक्षा बलों का सहयोग करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि होमलैंड शील्ड फोर्सेज ने शुक्रवार से शुरू हुई ऑपरेशन के बाद सभी सैन्य और सुरक्षा ठिकानों पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि यह सफलता इन फोर्सेज की अनुशासन और तैयारी को दिखाती है।वहीं हदमाउत के गवर्नर सेलम अल-खानबशी ने बताया कि अब उन्होंने सिय्यून शहर से अपने आधिकारिक काम शुरू कर दिए हैं। अल-अलीमी ने स्थानीय अधिकारियों और फोर्सेज की जिम्मेदार और तेज कार्रवाई की सराहना की और लोगों से कहा कि वे सुरक्षा और कानून बनाए रखने में सहयोग करें।

**अल–महरा अब होमलैंड शील्ड फोर्सेज के हाथों में :** इसके साथ ही अल-महरा के गवर्नर



मोहम्मद अली यासर को भी अल-अलीमी ने फोन पर ब्रीफ किया। उन्होंने बताया कि सैन्य शिविर और सरकारी सुविधाओं का हस्तांतरण अब स्थानीय प्रशासन और होमलैंड शील्ड फोर्सेज के हाथ में होगा, जिससे सुरक्षा, स्थिरता और शांति बनी रहे।

**संघर्ष की पूरी कहानी :** बता दें कि यह स्थिति लगभग दस साल पहले शुरू हुई थी, जब सऊदी अरब और यूएई ने हाउथियों के खिलाफ यमन में मिलकर सेना भेजी थी। बाद में यह मिशन पूरी तरह सफल नहीं हुआ। इसके बाद यूएई ने दक्षिणी यमन में अपनी रणनीति के तहत एसटीसी का समर्थन करना शुरू किया। लेकिन जब सऊदी अरब ने महसूस किया कि एसटीसी का कुछ इलाका उसके सीमा के पास खतरा बन सकता है, तो उसने हस्तक्षेप किया। अब होमलैंड शील्ड फोर्सेज ने वादी हदमाउत, सिय्यून और अन्य महत्वपूर्ण इलाकों पर पूरा नियंत्रण हासिल कर लिया है और एसटीसी से जुड़े बाकी सैनिकों का पीछा जारी है।

## नेपाल में भारत की सीमा से सटे दो कस्बों में हिंसा पुलिस पर हुआ पथराव, थाने में की गई तोड़फोड़

**काठमांडू, एजेंसी।** दक्षिणी नेपाल में भारतीय सीमा के नजदीक दो कस्बों में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक धार्मिक सामग्री प्रसारित किए जाने के बाद मस्जिद में तोड़फोड़ की गई। इसके विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोग हिंसक हो गए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव व थाने में तोड़फोड़ की, जिसके बाद पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। हिंसा में सात पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

धनुषा जिले में तोड़फोड के बाद प्रदर्शन

भारत के रक्सौल से सटे परसा जिले के बीरगंज कस्बे में शनिवार को धनुषा जिले की एक मस्जिद में तोड़फोड़ के विरोध में प्रदर्शन हुए। धनुषा पुलिस ने बताया कि टिकटॉक वीडियो पोस्ट करने व तोड़फोड़ में शामिल होने के आरोप में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि दो युवकों ने सोशल मीडिया पर हिंदू विरोधी सामग्री प्रसारित की थी। इसके विरोध के दौरान धनुषा जिले के कमला नगरपालिका के सखुवा मारन इलाके में कुछ लोगों ने मस्जिद में तोड़फोड़ की। घटनाओं के विरोध में लोगों ने रविवार सुबह बीरगंज में टायर जलाकर प्रदर्शन किया।

जेन-जी आंदोलन की जांच कर रही समिति ने पूर्व पीएम ओली को दिया नोटिस

नेपाल के जेन-जी आंदोलन के दौरान 8 व 9 सितंबर, 2025 को हुई गोलीबारी व अन्य घटनाओं की जांच के लिए गठित आयोग ने तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को बयान देने के लिए नोटिस दिया है। आयोग को बयान देने नहीं जाने की बात सार्वजनिक रूप से करने वाले ओली को उनके गुंडु स्थित निवास पर नोटिस थमाया गया।

आयोग सदस्य विज्ञानराज शर्मा ने नोटिस दिए जाने की पुष्टि की है। अब ओली को सात दिनों के भीतर जवाब देना होगा। जांच आयोग 8-9 सितंबर को जेन-जी आंदोलन के दौरान गोली चलने और दमन के आरोपों को लेकर तत्कालीन सरकार के प्रमुख के रूप में ओली का बयान लेना चाहता है। ओली इससे पहले सार्वजनिक कार्यक्रमों में स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने गोली चलाने का कोई आदेश नहीं दिया था।

## निकिता की अमेरिका में चाकू से हमला कर की हत्या, आरोपी फरार

**हावर्ड, एजेंसी।** अमेरिका में कई दिनों से लापता भारतीय महिला की लाश बरामद होने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने बताया कि लापता 27 साल की भारतीय महिला निकिता गोडिशला की लाश मैरीलैंड में अपने पूर्व बॉयफ्रेंड के अपार्टमेंट में मिली है। लाश पर चाकू से गहरे जख्मों के निशान मिले हैं। इस मामले में हावर्ड काउंटी पुलिस ने हत्या का आरोप एक्स बॉयफ्रेंड पर ही लगाया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, निकिता के एक्स ब्वॉयफ्रेंड अर्जुन शर्मा ने 2 जनवरी को पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अर्जुन शर्मा ने अधिकारियों को बताया था कि उसने 31 दिसंबर को निकिता को आखिरी बार ट्विन रिवर्स रोड के 10100 ब्लॉक में स्थित अपने अपार्टमेंट पर देखा था।

हालांकि अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आई कि अर्जुन शर्मा रिपोर्ट लिखवाते ही भागकर भारत लौट गया। पुलिस ने बताया कि अर्जुन




शर्मा ने उसी दिन फ्लाइट पकड़ ली। पुलिस ने अर्जुन शर्मा पर फर्स्ट और सेकंड डिग्री मर्डर के चार्जेज लगाए हैं और गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। पुलिस को शक है कि 31 दिसंबर की शाम 7 बजे के बाद गोडिशला की हत्या की गई थी।

फिलहाल हत्या का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस के बयान में कहा गया है, 'शर्मा ने 31 दिसंबर को शाम 7 बजे के कुछ देर बाद गोडिशला की हत्या की। जांच जारी है और इस समय हत्या का कोई मकसद पता नहीं चला है।' पुलिस ने बताया है कि जांच जारी है और हावर्ड काउंटी पुलिस शर्मा का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए अमेरिकी एजेंसियों के साथ काम कर रही है। हावर्ड काउंटी पुलिस के मुताबिक, निकिता गोदिशाला एलिकॉट सिटी की रहने वाली थीं और 2 जनवरी को उनके लापता होने की सूचना दी गई थी। जांच के दौरान पुलिस को निकिता का शव कोलंबिया, मैरीलैंड में स्थित अर्जुन शर्मा के अपार्टमेंट से बरामद हुआ। शव पर चाकू से किए गए कई वार के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई।

**पूर्व प्रेमी ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट :** चौंकाने वाली बात यह है कि निकिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट खुद अर्जुन शर्मा ने ही दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया था कि उसने आखिरी बार 31 दिसंबर की शाम को निकिता को अपने अपार्टमेंट में देखा था। हालांकि, पुलिस जांच में सामने आया कि 2 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराने के तुरंत बाद अर्जुन अमेरिका छोड़कर भारत के लिए रवाना हो गया। इससे उस पर शक और पुख्ता हो गया। जांचकर्ताओं का मानना है कि 31 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे के बाद निकिता की हत्या की गई। पुलिस ने अर्जुन शर्मा के खिलाफ प्रथम और द्वितीय श्रेणी की हत्या के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। आरोपी की तलाश के लिए अमेरिकी संघीय एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। इस मामले पर वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास ने बयान जारी कर कहा है कि वह निकिता के परिवार के संपर्क में है।

## यूक्रेन ने पुतिन के आवास पर नहीं किया ड्रोन हमला, ट्रंप बोले– क्रेमलिन का दावा गलत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच ड्रोन हमले को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। रूस के इस दावे पर कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सरकारी आवास को निशाना बनाया था, अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ इनकार किया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के आकलन में ऐसा कोई हमला नहीं हुआ। एयर फोर्स वन में सवार होकर वॉशिंगटन लौटते समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों ने जांच के बाद निष्कर्ष निकाला है कि यूक्रेन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के किसी भी आवास



को ड्रोन हमले में निशाना नहीं बनाया। ट्रंप का यह बयान रूस के उस दावे के विपरीत है, जिसमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा था कि यूक्रेन ने पिछले हफ्ते उत्तर-पश्चिमी नोवगोरोड क्षेत्र में स्थित पुतिन के सरकारी आवास पर ड्रोन हमले किए थे, जिन्हें रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई हमला हुआ। शांति वार्ता के बीच आरोप यह आरोप ऐसे समय पर सामने आया था, जब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की शांति वार्ता को लेकर फ्लोरिडा में ट्रंप से मुलाकात कर चुके थे। जेलेंस्की ने रूसी आरोपों को तुरंत खारिज करते हुए कहा था कि यूक्रेन का ऐसा कोई इरादा नहीं है। यूरोपीय अधिकारियों का भी मानना है कि रूस का यह दावा शांति प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिश है। ट्रंप के बदले सुर हालांकि शुरुआत में ट्रंप ने रूसी दावे को गंभीरता से लिया था और कहा था कि पुतिन ने फोन कॉल में यह मुद्दा उठाया है, लेकिन बाद में उन्होंने खुद ही इस दावे पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक अमेरिकी अखबार के संपादकीय का लिंक भी साझा किया, जिसमें रूस के आरोपों को झूठा बताया गया था। डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की बात कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें ठोस सफलता नहीं मिली है। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि वे इस युद्ध को एक दिन में खत्म कर सकते हैं। हालांकि रूस अब भी अपनी शर्तों पर अड़ा हुआ है, जिसमें डोनबास क्षेत्र पर पूरा नियंत्रण और यूक्रेन की सैन्य ताकत पर कड़े प्रतिबंध शामिल हैं।

## रुबियो बोले- वेनेजुएला को सीधे नहीं चलाएगा अमेरिका, तेल उद्योग में सुधार, ड्रग तस्करी रोकना मकसद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को स्पष्ट किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका वेनेजुएला का रोज-मर्रा का प्रशासन नहीं करेगा, बल्कि वहां बदलाव लाने के लिए एक मौजूदा तेल नाकेबंदी को लागू रखेगा। रुबियो के बयान ट्रंप के उस दावे के विपरीत हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका अस्थायी रूप से वेनेजुएला को चलाएगा। रुबियो ने कहा कि अमेरिका का मकसद तेल उद्योग और ड्रग तस्करी रोकने जैसे मुद्दों में सुधार लाना है, न कि देश की प्रत्यक्ष शासन व्यवस्था हाथ में लेना। उन्होंने बताया कि तेल स्थगन अमेरिका को एक बड़ा दबाव देता है ताकि वेनेजुएला में बदलाव हो सके।

**मादुरो की गिरफ्तारी और न्यायिक कार्रवाई :** एक दिन पहले अमेरिका ने एक बड़े सैन्य अभियान में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को बंधक बनाया और उन्हें न्यूयॉर्क ले आए। जहां वे दोनों संयुक्त राज्य में आरोपों का सामना करेंगे, जिसमें ड्रग तस्करी और आपराधिक षड्यंत्र शामिल हैं। यह कदम अमेरिका की अब तक की सबसे निर्णायक कार्रवाई मानी जा रही है, और इसके लिए ट्रंप प्रशासन को कांग्रेस से अनुमति नहीं मिली थी, जिससे विवाद और बढ़ गया है।

**ट्रंप और रुबियो के बयान में फर्क :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा था कि अमेरिका वेनेजुएला को तब तक चलाएगा जब तक एक सुरक्षित और व्यवस्थित सत्ता परिवर्तन नहीं हो जाता। उन्होंने यह भी संकेत दिए कि अमेरिकी तेल कंपनियां वेनेजुएला



के तेल उद्योग में निवेश करेंगी। लेकिन रुबियो ने अपने बयान में इसे बदलते हुए कहा कि अमेरिका देश नहीं चलाएगा, बल्कि केवल तेल ब्लॉकैड और दबाव के जरिये बदलाव लाने की कोशिश करेगा।

**अमेरिकी रणनीति क्या है :** अमेरिका ने एक तेल नाकेबंदी लागू की है, जिसमें प्रतिबंधित तेल टैंकरों को रोका जा रहा है और उनके खिलाफ अदालत आदेशों पर तेल जहाजों को भी जब्त किया जा रहा है। रुबियो का कहना है कि यह सबसे बड़ा दबाव का उपाय है ताकि वेनेजुएला नई नीतियां अपनाए, जैसे ड्रग तस्करी को रोकना और अन्य अपराधी समूहों को बाहर निकालना। रुबियो ने यह भी कहा है कि सैन्य विकल्प अभी पूरी तरह से बेकार नहीं कहा गया है, लेकिन अभी मुख्य फोकस दबाव और तेल नाकेबंदी पर है।

**अंतरराष्ट्रीय और अमेरिकी नेताओं की प्रतिक्रिया :** कुछ दुनिया के प्रमुख देशों और नेताओं ने अमेरिका के इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है, इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। अमेरिकी कांग्रेस के कुछ डेमोक्रेटिक सदस्यों ने भी कहा है कि उनसे पहले सलाह नहीं लिया गया।

## मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला में सहमे हुए लोग, चारों ओर सन्नाटा और अस्थिरता

**काराकास, एजेंसी।** अमेरिका की तरफ से वेनेजुएला में की गई कार्रवाई और फिर राष्ट्रपति निकोलेस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला में चारों तरफ सन्नाटा और डर का माहौल है। अमेरिकी सेना द्वारा मादुरो को बंधक बनाकर अमेरिका ले जाने के बाद लोग डर, चिंता और कुछ जगहों पर राहत की मिली-जुली भावनाओं में दिखे। राजधानी काराकस में रविवार को भी जिंदगी सामान्य नहीं हो पाई। मीडिया रिपोर्टस में बताया गया कि शहर में कई दुकानें, रेस्टोरेंट और चर्च बंद रहे। सड़कों पर लोग कम दिखे और जो थे, वे मोबाइल देखते या खाली नजरों से इधर-उधर ताकते नजर आए।

अमेरिकी कार्रवाई के बाद 77 साल के डेविड लील पार्किंग अटेंडेंट का काम करने पहुंचे, लेकिन सड़कों की हालत देखकर समझ गए कि ग्राहक नहीं आएंगे। इतना ही नहीं राष्ट्रपति भवन के पास की सड़कें पूरी तरह से सुनसान थीं और वहां हथियारबंद लोग तैनात थे। ऐसे में अब सवाल ये खड़ा हो रहा है कि आखिर अब वेनेजुएला की सत्ता किसके हाथ में है? क्या अमेरिका वेनेजुएला को चलाएगा? और क्या आम नागरिकों की मुश्किलें और बढ़ेंगी?

**अमेरिका की कार्रवाई ने नया अध्याय खोल दिया :** बता दें कि वेनेजुएला में राजनीतिक संकट कोई नई बात नहीं है। साफ शब्दों में कहे तो वेनेजुएला राजनीतिक संकट का आदी रहा है, लेकिन शनिवार रात अमेरिका की सैन्य कार्रवाई ने हालात को बिल्कुल नया मोड़ दे दिया। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मादुरो को बंधक बनाने के बाद कहा था कि अमेरिका स्थिरता आने तक वेनेजुएला को चलाएगा। हालांकि बाद में विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका सीधे शासन नहीं करेगा, लेकिन तेल उद्योग पर नियंत्रण के जरिए दबाव बनाएगा। रुबियो ने कहा कि मौजूदा सरकार अवैध है और अमेरिका चाहता है कि वेनेजुएला पूरी तरह बदले, लेकिन यह तुरंत नहीं होगा।



**मादुरो की गिरफ्तारी, फिर लोगों में डर और भावनाएं :** वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को अमेरिका द्वारा बंधक बनाए जाने के बाद कई लोग उनकी हालत देखकर भावुक हो गए। रिटायर्ड महिला नेली गुटिरेज ने कहा कि वह दुखी हैं और ईश्वर से ताकत मांग रही हैं। वह चर्च गईं, लेकिन वह भी बंद था। हालांकि कुछ लोग मादुरो के खिलाफ थे, लेकिन डर के कारण खुशी नहीं मना पा रहे। मजदूर डैनियल मेडाला ने कहा कि लोग डरते हैं कि कहीं फिर से दमन न हो जाए।

**देश में सत्ता को लेकर भ्रम भी बरकरार :** वैसे इन सभी मामलों के बीच एक बात ये भी है कि वेनेजुएला की सत्ता को लेकर भ्रम भी खूब फैल रहा है। एक ओर वेनेजुएला के रक्षा मंत्री ने कहा कि मादुरो अब भी वैध राष्ट्रपति हैं। वहीं दूसरी ओर अदालत ने उप-राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को अंतरिम राष्ट्रपति बनने का आदेश दिया है। उन्होंने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। मादुरो के समर्थकों ने न्यूयॉर्क में उनकी रिहाई की मांग की, जहां सोमवार को उनकी अदालत में पेशी होनी है। सरकारी टीवी ने उनकी हथकड़ी वाली तस्वीरें नहीं दिखाई, लेकिन सोशल मीडिया पर लोगों ने ये तस्वीरें देखीं।

**लोगों की चुप्पी पुरानी यादों का डर कैसे? ये समझिए :** गौरतलब है कि 2024 के चुनाव के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों में 28 लोग मारे गए थे, सैकड़ों घायल हुए और हजारों गिरफ्तार हुए थे। इसी वजह से लोग अभी चुप हैं। रविवार को पुलिस और सेना की मौजूदगी दिखी, लेकिन आम दिनों से कम थी। एक एयरबेस के पास अमेरिकी हमले में बसें जलीं और इलाका क्षतिग्रस्त हुआ। बात अगर अमेरिकी हमले में मौतों के आंकड़े की करें तो सरकार ने कहा है कि इस कार्रवाई में आम लोग और सैनिक मारे गए, लेकिन कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं दिया गया है। तटीय इलाके ला गुआइरा में कई घर टूट गए। विल्मन गोंजालेज के घर का बड़ा हिस्सा उड़ गया और उनकी मौसी की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि हम आम नागरिक हैं, किसी सरकार के साथ नहीं।

# महिला टी20 रैंकिंग में हरमनप्रीत कौर का जलवा, गेंदबाजी में दीप्ति को नुकसान



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन का इनाम पाया है। मंगलवार को जारी ICC महिला टी20 की ताजा रैंकिंग में हरमनप्रीत बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें पायदान पर पहुंच गई हैं।

### निर्णायक पारी से बदली रैंकिंग

तिरुवनंतपुरम में खेले गए अंतिम टी20 मुकाबले में हरमनप्रीत ने 43 गेंदों पर 68 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत ने यह मुकाबला 15 रन से जीता और 30 दिसंबर को समाप्त हुई सीरीज में श्रीलंका का 5-0 से क्लीन स्वीप किया।

### शीर्ष 10 के करीब हरमनप्रीत

इस शानदार पारी के बाद हरमनप्रीत अब बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 के और करीब पहुंच गई हैं। भारतीय बल्लेबाजों में स्मृति मंधाना तीसरे और शेफाली वर्मा छठे स्थान पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी है। हालांकि जेमिमा रोड्रिग्स को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह शीर्ष 10 से बाहर होकर 12वें स्थान पर खिसक गई हैं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति को झटका

गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा शीर्ष स्थान से फिसल गई हैं। पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उन्होंने 28 रन देकर एक विकेट लिया, लेकिन यह प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को शीर्ष पर पहुंचने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं रहा। दीप्ति और सदरलैंड के बीच अब सिर्फ एक रेटिंग अंक का अंतर है सदरलैंड के 736 अंक हैं।

### अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव

भारतीय बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरनी ने शानदार उछाल लगाते हुए पांच स्थान की छलांग के साथ 47वां स्थान हासिल किया। श्रीलंका की कविशा दिलहारी एक स्थान ऊपर चढ़कर 32वें और कप्तान चमारी अटापट्टू तीन स्थान के सुधार के साथ 48वें पायदान पर पहुंच गई हैं।

# मलेशिया ओपन 2026: लक्ष्य सेन की दमदार शुरुआत, दूसरे राउंड में किया प्रवेश



**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नए सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। लक्ष्य ने कड़े मुकाबले में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को तीन गेम तक चले मैच में हराया। वहीं, महिला एकल में भारत की मालविका बंसोड़ को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

### लक्ष्य सेन ने संघर्षपूर्ण जीत के साथ किया आगाज

24 वर्षीय लक्ष्य सेन ने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज जिया हेंग जेसन तेह को 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 15-21, 21-14 से शिकस्त दी। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने लंबी रैलियों और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पिछले सत्र के अंत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले लक्ष्य ने इस जीत के साथ अपने शानदार फॉर्म को बरकरार रखा है।

### दूसरे दौर में कठिन चुनौती के लिए तैयार लक्ष्य

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन का अगला मुकाबला फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव और हांगकांग के ली चेउक यिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यह मुकाबला लक्ष्य के लिए टूर्नामेंट में आगे की राह तय करने में अहम साबित होगा।

### मालविका बंसोड़ की वापसी पर ब्रेक

महिला एकल में भारत की मालविका बंसोड़ की वापसी निराशाजनक रही। बाएं घुटने की चोट के कारण छह महीने बाद कोर्ट पर लौटीं मालविका को पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन रत्चनोक इंतानोन से 11-21, 11-21 से सीधे गेमों में हार झेलनी पड़ी। हालांकि, चोट के बाद वापसी कर रही मालविका के लिए यह टूर्नामेंट लय हासिल करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

# विजय हजारे ट्रॉफी में भी नहीं चला शुभमन गिल का बल्ला, सस्ते में लौटे पवेलियन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की सीमित ओवरों में खराब फॉर्म का सिलसिला जारी है। विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में गोवा के खिलाफ पंजाब की ओर से खेलते हुए गिल रनचेज में खास प्रभाव नहीं छोड़ सके और सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हो गए। जयपुर में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब को 212 रन का लक्ष्य मिला था।

### गोवा के अनुभवी गेंदबाज ने किया गिल का शिकार

पंजाब की पारी के दौरान शुभमन गिल ने शुरुआत में अर्जुन तेंदुलकर और वासुकी कौशिक के खिलाफ एक-एक चौका जरूर लगाया, लेकिन पांचवें ओवर की पहली गेंद पर वासुकी कौशिक ने उन्हें चलता कर दिया। गिल 12 गेंदों में 11 रन बनाकर सुयश प्रभुदेसाई को कैच दे बैठे। यह वही मुकाबला था, जो टी20 वर्ल्ड कप 2026 टीम से बाहर होने के बाद गिल का पहला प्रतिस्पर्धी मैच था।

### 10 महीने से जारी है सफेद गेंद क्रिकेट में अर्धशतक का सूखा

शुभमन गिल का सफेद गेंद क्रिकेट में खराब दौर चिंता बढ़ा रहा है। उन्हें आखिरी बार 10 महीने पहले अर्धशतक बनाते देखा गया था। इसके बाद से उन्होंने 7 वनडे, 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय और अब विजय हजारे ट्रॉफी का एक मुकाबला खेला है, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं आई।

हालांकि इसके उलट, टेस्ट क्रिकेट में गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। 2025 में खेले गए टेस्ट मैचों में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ रहे, भले ही चोट के कारण वह गुवाहाटी टेस्ट और ईडन गार्डन्स में रनचेज का हिस्सा नहीं बन सके।

# स्टीव स्मिथ शतक लगाकर एशेज में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिडनी, 06 जनवरी (वेब वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को एक शानदार शतक लगाकर एशेज के इतिहास में अपना नाम और मजबूती से दर्ज कराया। वह इंग्लैंड के महान खिलाड़ी जैक हॉब्स को पीछे छोड़कर एशेज इतिहास में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपना 37वां टेस्ट शतक बनाया, जब उन्होंने ट्रैविस हेड के शानदार 163 रनों की बदौलत मिली मजबूत नींव पर पारी को आगे बढ़ाया। इससे मेजबान टीम इंग्लैंड के पहली पारी के कुल स्कोर को पार करने में सफल रही और सीरीज़ के आखिरी टेस्ट में एक महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

इस प्रक्रिया में, स्मिथ ने हॉब्स के 3,636 एशेज रनों के आंकड़े को पार कर लिया और अब वह ऑल-टाइम लिस्ट में सर डॉन ब्रैडमैन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी एशेज शतकों की सूची में भी दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, इंग्लैंड के खिलाफ उनके 13 शतकों से ज़्यादा सिर्फ ब्रैडमैन के 19 शतक हैं। स्मिथ का एशेज का सफर 2010 में पर्थ में शुरू हुआ था, हालांकि इस मशहूर प्रतिद्वंद्विता में अपना पहला शतक लगाने में उन्हें 15 पारियां लगीं, जो 2013 में द ओवल में आया था। तब से, वह इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए लगातार परेशानी का सबब बने हुए हैं, उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2019 में इंग्लैंड में हुए एशेज के दौरान आया था, जहां उन्होंने 110.57 के शानदार औसत से 774 रन बनाए थे।

सिडनी में बनाया गया शतक स्मिथ का मौजूदा सीरीज का पहला और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के तौर पर 18वां शतक था। खास बात यह है कि कप्तान के तौर पर उनके छह शतक इंग्लैंड के खिलाफ आए हैं, जो किसी



भी विरोधी टीम के खिलाफ कप्तान के तौर पर बनाए गए सबसे ज़्यादा शतक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन की शुरुआत दो विकेट पर 166 रन से की, हेड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखा और अपना 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आउट होने से पहले ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के कुल स्कोर के करीब पहुंचाने के लिए 63 रन और जोड़े। कैमरन ग्रीन के अच्छे साथ से स्मिथ ने फिर कमान संभाली, ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई और व्यक्तिगत मील के पत्थर हासिल करते हुए अपनी स्थिति मजबूत की। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज के पहले तीन टेस्ट जीतकर पहले ही एशेज अपने नाम कर लिया था। हालांकि, इंग्लैंड ने मेलबर्न में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट जीत के लिए 14 साल का सूखा खत्म किया, जिससे उनका आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अभियान ज़िंदा रहा।

# अनाहत सिंह ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश के फाइनल में पहुंची



नई दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में मिस्र की मलिका अल कराक्सी को आसानी से पराजित करके प्रतिष्ठित ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में महिला एकल के अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अब तक 12 पीएसए टूर खिताब जीतने वाली 17 वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय में मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में 11-8, 11-7, 11-9 से जीत हासिल की। फाइनल में अनाहत का सामना यूरोपीय जूनियर चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस की लॉरेन बाल्टायन से होगा। अनाहत ब्रिटिश जूनियर ओपन में सभी आयु वर्गों में नौवीं बार फाइनल में पहुंची है और उनका लक्ष्य 2005 में जोशना चिनप्पा के बाद इस प्रतियोगिता में अंडर19 खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनना है। इस बीच लड़कों के अंडर-17 वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आर्यवीर दीवान सेमीफाइनल में मिस्र के फिलोपेटर सालेह से 9-11, 5-11, 7-11 से हार गए।

# हेड ने सिडनी में शतक के साथ ही बनाया रिकार्ड

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज टेविस हेड ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के पांचवें क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपना शतक पूरा किया। ये हेड का इस सीरीज में तीसरा शतक है। इसी के साथ ही हेड ने सात घरेलू मैदानों पर शतक लगाने का नया रिकार्ड अपने नाम किया है। हेड ने 105 गेंदों में 24 चौके और एक छक्के की सहायता से 166 गेंदों पर 163 रनों की पारी खेली। इसी के साथ ही हेड ने अपने टेस्ट करियर का 12वां शतक लगाया। ये इस सीरीज में उनका तीसरा शतक रहा।



यह शतक हेड के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि उन्होंने पहली बार सिडनी क्रिकेट मैदान में कोई शतक लगाया है। इसी के साथ ही वह अब अपनी धरती पर सात अलग-अलग मैदानों पर टेस्ट शतक लगाने वाले विश्व के पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में पहले से ही स्टीव वॉ, जस्टिन लैंगर, मैथ्यू हेडन और डेविड वॉर्नर शामिल हैं। हेड का ये 65वां टेस्ट मैच है। इससे पहले उन्होंने एडिलेड ओवल में लगातार चार टेस्ट शतक जबकि गाबा में दो शतक लगाये हैं। वहीं मेलबर्न क्रिकेट मैदान के अलावा पर्थ, होबार्ट, कैनबरा और अब सिडनी क्रिकेट मैदान में एक-एक शतक उनके नाम है। वहीं विदेशी धरती पर उनके नाम केवल एक शतक है। ये शतक उन्होंने इंग्लैंड के ओवल मैदान में साल 2021-23 में हुए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ लगाया था। तब हेड ने 174 गेंदों पर 163 रनों की आक्रामक पारी खेली थी।

# वैभव की आक्रामक पारी से भारतीय टीम ने दूसरे यूथ एकदिवसीय मैच में भी दक्षिण अफ्रीका को हराया

**-सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी के 68 रनों की आक्रामक पारी से भारतीय अंडर-19 टीम ने दक्षिण अफ्रीका को वर्षा प्रभावित दूसरे यूथ एकदिवसीय मैच में आठ विकेट से हरा दिया। इस प्रकार तीन मैचों की सीरीज में भारतीय टीम ने 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने पहले मैच में भी 25 रनों से जीत दर्ज की थी। वैभव इस सीरीज में टीम की कप्तानी कर रहे हैं और उन्होंने इस मैच में अपना कप्तानी कौशल भी दिखाया।

इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जेसन राउल्स के 114 रनों की सहायता से दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 245 रन बनाये। इसके बाद वैभव की आक्रामक पारी से भारतीय टीम ने ये सीरीज आसानी से अपने नाम कर ली। इस मैच को बारिश के कारण दो बार रोका गया था। दूसरी बार मैच रोके जाने के बाद डकवर्थ लुइस नियम के तहत ही भारतीय टीम को जीत के लिए 27 ओवर में 174 रन का लक्ष्य मिला जिसे भारतीय टीम ने दो विकेट विकेट खोकर 23.3 ओवर में ही 176 रन बनाकर हासिल कर लिया। वेदांत त्रिवेदी 31 और अभिज्ञान कुंडू 48 रन बनाकर नाबाद रहे। अभिज्ञान ने छक्का लगाकर इस मैच में भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। मैच का आकर्षण वैभव की आक्रामक पारी रही। वैभव ने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर आक्रामक शुरुआत की। इस बल्लेबाज ने 19 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। वैभव ने 24 गेंदों में 10 छक्के और एक चौका लगाकर 283 के स्ट्राइक रेट से 68 रन बनाये। इस मैच में भारतीय टीम की गेंदबाजी भी अच्छी रही। भारत की ओर से किशन कुमार ने मैच में चार विकेट लिए जबकि आरएस अम्ब्रीश ने दो विकेट लिए। दीपेश देवेन्द्रन, कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने एक-एक विकेट लिया।

# आईएसएल 14 फरवरी से होगा शुरु, सभी 14 क्लब होंगे शामिल : खेल मंत्री मांडविया ने किया ऐलान



नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल में पिछले कुछ समय से चल रही अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करते हुए खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को घोषणा की कि वाणिज्यिक साझेदार नहीं मिलने के कारण स्थगित हुई इंडियन सुपर लीग (ISL) 14 फरवरी से शुरू होगी। लीग में सभी 14 क्लब हिस्सा लेंगे। मांडविया ने AIFF (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) और ISL क्लबों के बीच यहां भारतीय खेल प्राधिकरण मुख्यालय पर हुई बैठक के बाद मीडिया को बताया, 'इंडियन सुपर लीग 14 फरवरी से होगी जिसमें सभी क्लब भाग लेंगे। आज सरकार, AIFF और सभी क्लबों के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। पिछले कुछ समय से भारतीय फुटबॉल को लेकर अदालत में चल रहे विवाद के कारण ISL के आयोजन को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी जिस पर अब विराम लग गया।' AIFF अध्यक्ष कल्याण चौबे ने इस मौके पर बताया, 'ISL के संचालन के लिए संचालन परिषद बोर्ड का गठन होगा। ISL में 14 टीमों के 91 मैच एक चरण में होम (घरेलू) और अवे (प्रतिद्वंद्वी टीम का घरेलू मैदान) आधार पर खेले जाएंगे।' चौबे ने कहा कि मैच कहां होंगे, यह क्लब AIFF के साथ मिल कर तय करेंगे। उन्होंने कहा, 'आई लीग में 11 टीमों के बीच 55 मैच खेले जाएंगे जो ISL के साथ ही आरंभ होगी। इसमें आईलीग-दो और आईलीग-तीन में 33 के बजाए 40 टीमें होंगी।' उन्होंने बताया कि ISL के लिए 25 करोड़ रुपए का एक कैप (खर्च की सीमा) बनाया गया है जिसमें 10 प्रतिशत AIFF, 15 प्रतिशत क्लब 30 प्रतिशत व्यावसायिक साझेदार वहन करेंगे। उन्होंने कहा, 'जब तब व्यावसायिक साझेदार नहीं मिल जाता तब तक AIFF कुल 40 प्रतिशत खर्च वहन करेगा।' उन्होंने कहा कि AIFF का कुल योगदान 14 करोड़ रुपए होगा जिसमें 10 करोड़ ISL और 3.2 करोड़ आई लीग के लिए होंगे।' IWL (इंडियन वुमेन लीग) का शत प्रतिशत फंड AIFF का होगा।

# विराट कोहली के संन्यास पर सवाल, संजय मांजरेकर ने जताया अफसोस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशेज 2025 के पांचवें टेस्ट ने टेस्ट क्रिकेट की महानता और निरंतरता की नई मिसाल पेश की। इंग्लैंड के जो रूट और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने शतक जड़कर एक बार फिर साबित किया कि क्यों उन्हें आधुनिक युग के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज़ों में गिना जाता है। इसी बीच, पूर्व भारतीय बल्लेबाज़ संजय मांजरेकर ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सवाल उठाया कि जब उनके समकालीन नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तब कोहली का इस फॉर्मेट से दूर जाना कितना सही था।

### जो रूट का 41वां टेस्ट शतक : ऐतिहासिक उपलब्धि

एशेज के पांचवें टेस्ट के पहले दिन जो रूट ने अपना 41वां टेस्ट शतक पूरा किया। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट के लगभग 150 साल के इतिहास में सबसे ज़्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। रूट ने रिकी पोंटिंग की बराबरी की और अब उनसे आगे सिर्फ़ सचिन तेंदुलकर (51 शतक) और जैक्स कैलिस (45 शतक) हैं। यह उपलब्धि रूट की निरंतरता और तकनीकी मजबूती का प्रमाण है।

### स्टीव स्मिथ का करारा जवाब

रूट के शतक के ठीक एक दिन बाद ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने भी बल्ले से जवाब दिया। उन्होंने अपना 37वां टेस्ट शतक पूरा किया, जो एशेज इतिहास में उनका 13वां शतक था। एशेज में इतने शतक लगाने वाले वह दूसरे बल्लेबाज़ बन गए हैं, उनसे आगे सिर्फ़ महान डॉन ब्रैडमैन हैं। स्मिथ की यह पारी एक बार फिर उनकी असाधारण टेस्ट क्षमता को दर्शाती है।

### 'फैब फोर' की चमक और कोहली की अनुपस्थिति

इन प्रदर्शनों के बीच संजय मांजरेकर ने 'फैब फोर' के चौथे सदस्य विराट कोहली की गैरमौजूदगी पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि जब रूट, स्मिथ और केन विलियमसन टेस्ट क्रिकेट में लगातार ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तब कोहली का इस फॉर्मेट से हट जाना दुखद है। मांजरेकर के मुताबिक, कोहली के करियर के आखिरी पांच वर्षों में टेस्ट औसत गिरने के कारणों की गहराई से तलाश नहीं हो पाई।

### केन विलियमसन की वापसी से तुलना

मांजरेकर ने केन विलियमसन का उदाहरण भी दिया, जिन्होंने करीब एक साल तक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने के बावजूद वापसी की। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज़ से पहले उन्होंने घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलकर खुद को तैयार किया। यह दिखाता है कि लंबे ब्रेक के बाद भी टेस्ट क्रिकेट में वापसी संभव है, अगर खिलाड़ी इसके लिए प्रतिबद्ध हो।

### कोहली के फॉर्म में गिरावट और संन्यास

2020 से पहले विराट कोहली को कई लोग 'फैब फोर' में सबसे आगे मानते थे। हालांकि महामारी के बाद उनके टेस्ट फॉर्म में तेज गिरावट आई। ऑफ स्टंप के बाहर गेंदों पर कमजोरी उनके करियर के आखिरी दौर में उजागर हुई। मई 2025 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया, जबकि उनका करियर औसत 46.85 रहा।

### टेस्ट क्रिकेट से दूरी पर मांजरेकर की आपत्ति



मांजरेकर ने यह भी कहा कि उन्हें कोहली का टेस्ट क्रिकेट छोड़कर वनडे खेलते रहना अधिक निराशाजनक लगा। उनके अनुसार, टेस्ट क्रिकेट ही वह फॉर्मेट है जो बल्लेबाज़ को सबसे ज़्यादा परखता है। कोहली की फिटनेस को देखते हुए, उन्हें लगता है कि पूर्व कप्तान चाहें तो फर्स्ट क्लास क्रिकेट के जरिए वापसी की एक और कोशिश कर सकते थे।

### आधुनिक टेस्ट क्रिकेट की कहानी

रूट, स्मिथ और विलियमसन के मौजूदा प्रदर्शन यह साबित करते हैं कि आधुनिक युग में भी टेस्ट क्रिकेट सर्वोच्च चुनौती बना हुआ है। ऐसे में विराट कोहली की अनुपस्थिति इस कहानी का एक अधूरा अध्याय बनकर रह गई है, जिस पर क्रिकेट जगत में चर्चा जारी है।

# अमेरिकी टेनिस लीजेंड वीनस विलियम्स ऑकलैंड में पहले दौर में हारीं

वेलिंगटन। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 वीनस विलियम्स मंगलवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में अपने पहले मैच में पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेट में हार गईं। 7 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन विलियम्स ने महिला टेनिस एसोसिएशन 250 इवेंट में वापसी करते हुए अच्छे संकेत दिखाए, जो 2 से 17 जनवरी तक चलेगा। दुनिया में 53वें नंबर पर मौजूद लिनेट ने 6-4, 4-6, 6-2 से जीत हासिल कर दूसरे राउंड में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला इटली की एलिसाबेटा कोकियारेटो से होगा।



लिनेट ने कहा, 'मुझे लगा कि मैं कम गलतियां कर सकती थी, खासकर इतने पावरफुल हिटर के साथ, मुझे थोड़ा और सॉलिड होने की जरूरत है।' वाइल्डकार्ड एंट्री पाने वाली विलियम्स, जो 582वें नंबर पर हैं, ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरी प्रतिद्वंद्वी ने शानदार खेला। वह निश्चित रूप से जीत की हकदार थी।' 45 साल की खिलाड़ी, जो अगस्त में यूएस ओपन के बाद अपना पहला मैच खेल रही थीं, ने कहा कि इस स्टेज पर उनका मुख्य फोकस इस महीने के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले मैच फिटनेस और लय बनाना है। इस हार से टूर्नामेंट के कुछ बड़े नामों के लिए मुश्किल शुरुआत हुई, जब सोमवार को दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी एम्मा नवारो टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गईं।

# आईआरईएफ ने बजट में चावल निर्यात को बढ़ावा देने मांगा प्रोत्साहन

**- निर्यात ऋण पर 4 फीसदी ब्याज सब्सिडी और माल ढुलाई के लिए 3 फीसदी समर्थन की सिफारिश**



**नई दिल्ली।**

भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से 2026-27 के केंद्रीय बजट में निर्यातकों के लिए विशेष वित्तीय प्रोत्साहनों की मांग की है। संघ ने निर्यात ऋण पर 4 फीसदी ब्याज सब्सिडी और सड़क एवं रेल माल ढुलाई के लिए 3 फीसदी समर्थन की सिफारिश की। इसके अलावा रोडटेप के तहत शुल्क और कर माफी योजनाओं को समय पर वितरित करने का आग्रह किया गया, ताकि निर्यातकों की लागत कम हो और मूल्य प्रतिस्पर्धा मजबूत रहे। आईआरईएफ ने जल-बचत और कम उत्सर्जन वाली पद्धतियों जैसे एडब्ल्यूडी, डीएसआर लेजर लेवलिंग और ऊर्जा-कुशल मिलिंग के लिए कर और निवेश प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव रखा। ये उपाय टिकाऊ उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ किसानों के परिणामों में सुधार करेंगे। संघ ने किसानों को प्रीमियम बासमती, जीआई/जैविक और विशेष गैर-बासमती चावल की खेती की ओर प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। इससे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दबाव कम होगा और उच्च मूल्य वाली किस्मों का उत्पादन बढ़ेगा। आईआरईएफ ने कहा कि कुछ चावल किस्मों पर 20 फीसदी निर्यात शुल्क के कारण पुराने शुल्क दावों में विसंगतियां उत्पन्न हुई हैं। संघ ने इन दावों की एकमुश्त छूट की मांग की और क्षेत्रीय अधिकारियों और निर्यातकों के बीच व्याख्या की असंगतियों को दूर करने का आग्रह किया। आईआरईएफ के एक वरिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि भारत वैश्विक चावल व्यापार में लगभग 40 फीसदी हिस्सेदारी रखता है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 170 से अधिक देशों को लगभग 2.01 करोड़ टन चावल निर्यात किया। निर्यात किसानों की आय, ग्रामीण रोजगार और देश की आर्थिक मजबूती में योगदान देता है।

# भारत कोकिंग कोल का आईपीओ 1,071 करोड़ रुपए का होगा

**दिल्ली ।**

कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने बताया कि उसका आगामी प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 1,071 करोड़ रुपए का होगा। इसके लिए शेयर मूल्य दायरा 21 से 23 रुपए तय किया गया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का कुल मूल्यांकन 10,700 करोड़ रुपए आंका गया है। आईपीओ में कुल 46.57 करोड़ इक्विटी शेयर पेश किए जाएंगे। यह केवल विक्रय प्रस्ताव (ओएफएस) है, यानी नए शेयर जारी नहीं किए गए हैं। एंजेल यानी बड़े निवेशक 8 जनवरी को बोली लगाएंगे। आईपीओ 9 जनवरी को खुलेगा और 13 जनवरी को बंद होगा। शेयरों की सूचीबद्धता 16 जनवरी को शेयर बाजार में होगी। यह वर्ष 2026 का पहला आईपीओ है और निवेशकों को कोल इंडिया की इस इकाई में हिस्सेदारी लेने का मौका देगा।




# तेल की कीमतों में गिरावट से भारत को मिलेगा बड़ा आर्थिक लाभ

**- पांच रुपए सस्ता हो सकता है पेट्रोल और डीजल**



**नई दिल्ली ।**

अमेरिका और वेनेजुएला के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। एसबीआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार अगले छह महीनों में तेल की कीमतें 50 डॉलर प्रति बैरल तक गिर सकती हैं। अगर ऐसा होता है, तो इसका भारत की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर होगा।

अमेरिकी क्रूड फिलहाल 60 डॉलर और ब्रेंट क्रूड 61 डॉलर के आसपास कारोबार कर रहा है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अमेरिकी क्रूड में लगभग 14 फीसदी और ब्रेंट क्रूड में लगभग 19 फीसदी तक की गिरावट हो सकती है। एसबीआई के अनुसार, जून 2026 तक कच्चा तेल 50 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकता है। तेल की कीमतों में गिरावट भारत के लिए कई मोर्चों पर फायदेमंद हो सकता है जैसे- सीपीआई आधारित महंगाई 3.4 फीसदी से नीचे रह सकती है। ईंधन की कीमतें 5 रुपए प्रति लीटर तक घट सकती हैं। आयात बिल घटने से अरबों डॉलर की बचत होगी।

तेल में 14 फीसदी गिरावट से रुपया डॉलर के मुकाबले लगभग 3 फीसदी मजबूत होकर 87.5 रूपए तक जा सकता है। कम ऊर्जा लागत से जीडीपी में 0.1-0.15 फीसदी तक इजाफा संभव है।

# एलन मस्क बने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति

**– नेटवर्थ 644 अरब डॉलर तक पहुंची**



**नई दिल्ली ।**

साल 2026 में भी एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की कुल संपत्ति 644 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। हालिया आंकड़ों में उनकी नेटवर्थ में 32.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे उनकी शीर्ष पोजिशन और मजबूत हुई है। दूसरे स्थान पर गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज हैं, जिनकी कुल संपत्ति 272 अरब डॉलर है और उन्हें 1.40 अरब डॉलर का लाभ हुआ है। अमेज़न के संस्थापक जेफ बेजोस तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

उनकी नेटवर्थ 255 अरब डॉलर है और हाल में उन्हें 5.89 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। सर्गेई ब्रिन 253 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं। लैरी एलिसन पांचवें स्थान पर हैं, लेकिन उनकी संपत्ति में 2.36 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। छठे नंबर पर मार्क जुकरबर्ग हैं, जिनकी नेटवर्थ 233 अरब डॉलर हो गई है, इसमें 2.90 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। बर्नार्ड अर्नाॅल्ट (207 अरब), स्टीव बॉलमर (165 अरब), जेनसन हुआंग (156 अरब) और वॉरेन बफेट (150 अरब) क्रमशः सातवें से दसवें स्थान पर हैं। भारत के सबसे अमीर मुकेश अंबानी इस लिस्ट में 18वें स्थान पर हैं। उनकी संपत्ति 108 अरब डॉलर है, लेकिन हाल में इसमें 1.04 अरब डॉलर की गिरावट हुई। वहीं गौतम अडानी 20वें स्थान पर हैं, उनकी कुल संपत्ति 85.7 अरब डॉलर है और उन्हें 607 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है।

# सोना 1.38 लाख और चांदी 2.49 लाख रुपए करीब

**- अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोना-चांदी की चमक बरकरार रही**

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत मंगलवार को तेजी के साथ हुई। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में मजबूती देखने को मिल रही है। निवेशकों की बढ़ती रुचि और वैश्विक संकेतों के चलते सोना-चांदी के भाव ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट की शुरुआत 546 रुपये की तेजी के साथ 1,38,666 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हुई। पिछला बंद भाव 1,38,120 रुपये था। इस समय सोने का यह कॉन्ट्रैक्ट 458 रुपये की तेजी के साथ 1,38,578 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,38,776 रुपये का दिन का उच्च स्तर और 1,35,451 रुपये का निचला स्तर छुआ। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सोने ने 1,40,465 रुपये का अब तक का सर्वोच्च स्तर दर्ज किया था। चांदी के वायदा भावों में भी मजबूती देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी के मार्च कॉन्ट्रैक्ट की शुरुआत 4,295 रुपये की तेजी के साथ 2,50,450 रुपये प्रति किलो पर हुई। पिछला बंद भाव 2,46,155 रुपये था। इस समय चांदी 3,096 रुपये की तेजी के साथ 2,49,251 रुपये पर कारोबार कर रही थी। दिन के दौरान चांदी ने 2,50,723 रुपये का उच्च और 2,48,588 रुपये का निचला स्तर छुआ। पिछले साल चांदी ने 2,54,174 रुपये प्रति किलो का रिकॉर्ड



उच्च स्तर बनाया था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोना-चांदी की चमक बरकरार रही। कॉमेक्स पर सोना 4,459.80 डॉलर प्रति औंस पर खुला और बाद में 17.70 डॉलर की तेजी के साथ 4,469.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। वहीं चांदी के वायदा भाव 76.53 डॉलर प्रति औंस पर खुले और खबर लिखे जाने तक 1.25 डॉलर की बढ़त के साथ 77.91 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 14 पैसे की तेजी के साथ ही 90.16 पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह रुपया 18 पैसे मजबूत होकर 90.12 प्रति डॉलर पर खुला। डॉलर में कमजोरी और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की भारत पर शुल्क संबंधी टिप्पणियाँ, विदेशी निवेशकों की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के कारण रुपे की तेजी पूरी तरह नहीं हो सकी। सोमवार को रुपया लगातार चौथे दिन कमजोर हुआ और 10 पैसे टूटकर 90.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भू-राजनीतिक अनिश्चितता और डॉलर में मजबूती इसका मुख्य कारण रहे। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी बढ़कर 98.21 पर रहा।



## नए साल में 2 नए ताप विद्युत ने बनाए नए रिकार्ड

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के दो ताप विद्युत गृहों ने नए वर्ष की शुरुआत में ही नए रिकार्ड बनाए हैं। संजय गांधी ताप विद्युत गृह की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस वित्तीय वर्ष में जहां दूसरी बार लगातार 100 दिन तक विद्युत उदत्पादन किया, वहीं अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट ने बिना ट्रिपिंग और ज़ीरो तेल की खपत के एक कैलेंडर वर्ष पूर्ण कर लिए। यह यूनिट 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक निर्बाध रूप से संचालित रही। वर्तमान में इस यूनिट ने लगातार संचालन के 462 दिन पूर्ण कर लिए। संजय गांधी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 4 एमपीपीजीसीएल की 11 वीं यूनिट है जिसने 100 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया है।

**ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई.......**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व एमपीपीजीसीएल के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने बिरसिंगपुर व चचाई के अभिे यंताओं व तकनीकी कार्मिकों को इस उपलब्धिे हासिल करने के लिए बधाई दी है।

## बिटकॉइन 3 हफ्ते के उच्च स्तर पर, निवेशकों में उत्साह



न्यूयॉर्क । बिटकॉइन की कीमत 2.3 फीसदी बढ़कर तीन हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। यह वर्तमान में 93,000 डॉलर (लगभग 83.7 लाख रुपए) के नीचे कारोबार कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अक्टूबर में हुए मार्केट क्रैश के बाद बिटकॉइन ने पहली बार 50 दिन का मूविंग एवरेज पार किया, जिसे बाजार के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। साल 2026 में बिटकॉइन अब तक करीब 6 फीसदी बढ़ चुका है, जो बाजार में धीरे-धीरे स्थिरता लौटने का संकेत है। पिछले कई हफ्तों से यह सीमित दायरे में फंसा हुआ था। हालांकि क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान शेयर बाजार में आई तेजी का इसका फायदा नहीं हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, 50 दिन का औसत पार करना भविष्य में कीमतों की ओर बढ़त का संकेत दे सकता है, जिससे निवेशकों में उत्साह बढ़ा है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 376.28, निफ्टी 71.6 अंक गिरा**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज और ट्रेंट के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। बड़े स्टॉक्स में आई गिरावट से आज पूरे दिन बाजार धारणा कमजोर रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 376.28 अंक नीचे आकर 85,063.34 पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला

एनएसई निफ्टी 71.6 अंक टूटकर 26,178.70 के स्तर पर बंद हुआ।

आज रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आठ महीने से अधिक समय की सबसे बड़ी गिरावट रही। वहीं ट्रेंट के शेयरों में कंपनी के तीसरी तिमाही के बाद करीब 9 फीसदी की तेज गिरावट रही।

रिलायंस और ट्रेंट के अलावा, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसीस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी गिरे जबकि आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसे शेयरों में गिरावट रही।

ब्रॉडर मार्केट में भी कमजोरी नजर आयी। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 0.19 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 0.22 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। जिससे निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। आज कारोबार के दौरान निफ्टी ऑयल एंड गैस इंडेक्स सबसे नीचे आया। इसके अलावा मीडिया और केमिकल सेक्टर के शेयर भी दबाव में रहे जबकि हेल्थकेयर और फार्मा स्टॉक्स में खरीदारी से बाजार ऊपर आया। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। आज सुबह सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की गिरावट के साथ 85,331 के स्तर पर खुला। वहीं निफ्टी भी गिरावट के साथ 26,189.70 पर खुला। तेल और गैस सेक्टर के शेयरों में कमजोरी बाजार पर भारी पड़ी। रिलायंस इंडस्ट्रीज में आई बिकवाली ने सेंसेक्स और निफ्टी दोनों पर दबाव बनाया। इसके अलावा बैंकिंग सेक्टर में




एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट से भी बाजार की धारणा कमजोर हुई।

एशियाई शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.12 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.85 फीसदी गिर गया। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स, एसएंडपी 200 इंडेक्स भी 0.42 फीसदी की कमजोरी में रहा। वहीं शुरुआती एशियाई कारोबार में अमेरिकी इक्विटी फ्यूचर्स लगभग स्थिर नजर आए।

अमेरिकी शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद- अमेरिकी शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख इंडेक्स ने मजबूती के साथ सत्र समाप्त किया।

## भारतीय बैंकों का मुनाफा तीसरी तिमाही में बढ़ने के संकेत

**मुंबई ।** एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में बैंकों का मुनाफा सालाना आधार पर बढ़ सकता है। यह लोन ग्रोथ, अधिक फीस इनकम और कम क्रेडिट लागत के कारण संभव होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीसरी तिमाही में एनआईएम स्थिर रह सकता है। चौथी तिमाही में थोड़ा दबाव आ सकता है, लेकिन इसके बाद इसमें सुधार होने की संभावना है। बैंक ने बचत और सावधि जमा पर ब्याज दरें घटा दी हैं। बचत खातों पर असर तुरंत दिखा, जबकि सावधि जमा पर लाभ अगले तिमाही में स्पष्ट होगा। जमा लागत कम होने और असुरक्षित लोन में सामान्य स्लीपेज के कारण क्रेडिट लागत घटने की उम्मीद है। मौसमी कृषि उतार-चढ़ाव को छोड़कर अधिकांश बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता स्थिर है। तीसरी तिमाही में सुधार रुझान देखने को मिल सकते हैं। तीसरी तिमाही में बैंकों के मुनाफे में सुधार देखने को मिल सकता है। लोन ग्रोथ मजबूत है, फीस आय बढ़ी है, और क्रेडिट लागत कम होने से लाभ में सुधार संभावित है।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में एमटेक ग्रुप के पूर्व चेयरपर्सन को जमानत

**- दिल्ली उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त 2024 को धाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी**

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने 27,000 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले में एमटेक ग्रुप के पूर्व चेयरपर्सन अरविंद धाम को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द किया था, जिसमें पहले धाम को जमानत देने से इनकार किया गया था। न्यायमूर्ति आराधे ने कहा कि अदालत ने धाम की अपील स्वीकार कर ली है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त 2024 को धाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने कहा था कि समय से पहले रिहाई जांच की जवाबदेही कमजोर कर सकती है। ईडी ने एमटेक ऑटो, एआरजी लिमिटेड, एसीआईएल लिमिटेड, मेटलिस्ट फोर्जिंग लिमिटेड, कास्टेक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और अरविंद धाम समेत अन्य के खिलाफ धन शोधन रोधी कार्रवाई की। दिवालिया कंपनियों की 550 करोड़ रुपये से अधिक संपत्तियों को अस्थायी जब्त किया गया और सितंबर 2024 में 5,115.31 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की गईं। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर 27 फरवरी 2024 को पीएमएलए के तहत जांच शुरू की गई। धाम को जुलाई 2024 में गिरफ्तार किया गया और सितंबर 2024 में आरोपपत्र दायर हुआ। जांच में पाया गया कि समूह की कंपनियों को दिवालियापन प्रक्रिया से गुजारा गया, जिससे बैंकों को 80 फीसदी से अधिक नुकसान हुआ। ईडी के अनुसार एमटेक की सभी संपत्तियां अपराध की प्रत्यक्ष आय के रूप में दर्ज हैं और ये धाम की कंपनियों और ऋण देने वाले बैंकों के पास हैं।

# आरबीआई गर्वनर ने चुनिंदा बड़ी नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से बैठक की

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चुनिंदा बड़ी नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से बैठक की। बैठक में अच्छे अंडरराइटिंग स्टेंडर्ड अपनाने और एसेट की गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी करने के लिए कहा गया। आरबीआई गर्वनर की ओर से की गई मुलाकात में चुनिंदा एनबीएफसी कंपनियों के एमडी और सीईओ शामिल हुए थे। इसमें सरकारी एनबीएफसी कंपनियां, हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां और माइक्रोफाइनेंस कंपनियां भी शामिल हैं। बैठक में आरबीआई गवर्नर ने लोन के प्रवाह में एनबीएफसी कंपनियों के महत्व को बताया। साथ ही कहा कि यह देखकर अच्छे अंडरराइटिंग स्टेंडर्ड अपनाने और एसेट की गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता है।

आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने सेक्टर में भरोसा बनाए रखने और इसके व्यवस्थित और टिकाऊ विकास को समर्थन करने के लिए ग्राहक केंद्रित एप्रोच, नैतिक आचरण और जिम्मेदार लेंडिंग के साथ-साथ शिकायतों के तुरंत निपटारे के महत्व पर भी जोर दिया।

रिजर्व बैंक ने आखिरी बार एनबीएफसी कंपनियों के शीर्ष




अधिकारियों के साथ ऐसी बैठक 13 फरवरी, 2025 को की थी। इस बैठक में भाग लेने वाली कंपनियों के पास एनबीएफसी सेक्टर की कुल एसेट्स का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा है। इस बैठक में इंडस्ट्री में सेल्फ-रेगुलेटरी संगठनों, सा-धन, माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क और फाइनेंस इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। आरबीआई ने बताया कि चर्चा के दौरान, प्रतिभागियों ने एनबीएफसी सेक्टर से जुड़े पॉलिसी मुद्दों और ऑपरेशनल मामलों पर फीडबैक शेयर किया।

## सेल ने दिसंबर 2025 में स्टील बिक्री का रिकॉर्ड बनाया




**मुंबई ।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने दिसंबर 2025 में अब तक की सबसे अधिक स्टील बिक्री दर्ज की। इस महीने कंपनी ने 21 लाख टन स्टील बेचा, जो दिसंबर 2024 की 15 लाख टन बिक्री से 37 फीसदी अधिक है। कंपनी ने कहा कि यह प्रदर्शन अब तक का सर्वश्रेष्ठ है। सेल के अनुसार मजबूत बिक्री का प्रमुख कारण ग्राहकों तक समय पर माल पहुंचाना और ब्रांड निर्माण में सुधार रहा। इसके अलावा इन्वेंट्री में कमी ने भी वितरण प्रक्रिया को सुचारू बनाया। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच, कंपनी की कुल बिक्री 147 लाख टन रही, जो पिछले वर्ष के 126 लाख टन से लगभग 17 फीसदी अधिक है। सेल की बिक्री वृद्धि केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रही। निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जिससे कंपनी की अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत हो रही है।

# भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए सेकेंड लेफ्टिनेंट खेत्रपाल की सच्ची कहानी है इक्कीस




सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म इक्कीस साल 1971 भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की सच्ची कहानी पर आधारित है। फिल्म दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म है और उनकी ये आखिरी फिल्म गजब है। यही वजह है कि ओपनिंग डे पर धुरंधर जैसी गजब ढाने वाली फिल्म के सामने भी फिल्म को दर्शक मिल रहे हैं। चलिए जान लेते हैं फिल्म की ओपनिंग डे की कमाई। श्रीराम राघवन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 4ः05 बजे तक 3.2 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

बता दें कि ये आंकड़ा अभी शुरुआती है। फाइनल डेटा आने के बाद इसमें बदलाव हो सकता है। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य की फिल्म को एबीपी न्यूज ने अपने रिव्यू में 4 स्टार देते हुए लिखा है कि अगस्त्य नंदा की एक्टिंग इतनी कमाल है कि वो शहीद अरुण खेत्रपाल के किरदार को पूरी तरह से जी गए हैं और उन्होंने दिखा दिया है कि वो अमिताभ बच्चन के नाती हैं। धर्मेंद्र की तारीफ में इसी रिव्यू में लिखा है कि धर्मेंद्र को देखना अपने आप में एक इमोशन है।

फिल्म का पूरा रिव्यू आप यहां पढ़ सकते हैं। इस फिल्म को स्त्री 2 और थामा जैसी फिल्में बनाने वाले दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक, फिल्म ओपनिंग डे पर फिल्म का प्रीडिक्शन 3.5 करोड़ रुपये था। और फिल्म शुरुआती घंटों में ही इससे ज्यादा कमा चुकी है। यानी फिल्म आगे आने वाले दिनों में बहुत जल्द हिट फिल्म बनने की ओर बढ़ सकती है।

# फिल्म द राजा साब में अलग भूमिका में दिखने वाले हैं प्रभास

सुपरस्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म द राजा साब में एक अलग भूमिका में दिखने वाले हैं। प्रभाष की यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 रिलीज होगी। इससे पहले प्रभास की एक और मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कल्कि 2898 एडी 2' को लेकर एक ताजा खबर सामने आई हैं। इसे जानने के बाद फैंस खुशी से झूम उठेंगे। आकाशवाणी की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' ने दर्शकों को जबरदस्त पसंद किया और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। फिल्म के क्लिफहैंगर एंडिंग ने सीक्वल के लिए उम्मीदें बढ़ाईं। अब इसके लिए मेकर्स तैयार हो चुके हैं। सब कुछ रहा तो 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' की शूटिंग फरवरी 2026 से शुरू हो सकती हैं। हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभास खुद अभी संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट की शूटिंग में बिजी हैं। ऐसे में 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' के लिए उनके फैंस को थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण के फिल्म बाहर होने के बाद उनके रोल के लिए अब तक किसी नई एक्ट्रेस की पुष्टि नहीं हुई है।



हालांकि फिल्म की नई हीरोइन के रूप में आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा के नाम का चर्चाएं जारी हैं। कल्कि 2898 एडी की कहानी महाभारत के बाद की घटनाओं पर आधारित है। जहां अश्वत्थामा को भगवान श्री कृष्ण द्वारा भगवान विष्णु के अवतार की रक्षा का जिम्मा सौंपा जाता है। फिल्म में 2898 एडी की दुनिया में एक नई शक्ति यास्किन का उदय होता है, जो अपने लोगों पर शासन करता है। इसका अंत एक विशाल और महाकाव्य कहानी के लिए रास्ता खोलता है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।




# पुराने दिनों को याद कर भावुक हुई कविता कौशिक

टीवी अभिनेत्री कविता कौशिक ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने जीवन के उन पुराने रूपों को याद किया। । पोस्ट का शीर्षक था मेरे वो रूप जिन्हें मैं आज भी याद करती हूं। इस पोस्ट में कविता ने अपने निजी अनुभवों और जीवन में आए बदलावों पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि समय, अनुभव और परिस्थितियों ने उन्हें बदल दिया है। कविता ने लिखा, मैं अपनी जिंदगी के कुछ हिस्सों को पीछे छोड़ चुकी हूं, लेकिन उनकी यादें आज भी मेरे दिल में जिंदा हैं। जब पापा साथ थे, तब बेफिक्र थी। पिता का साया खोना किसी भी इंसान के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आता है।

कविता ने अपने पुराने रूपों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें वह शांत और कोमल लड़की याद आती है, जो स्कूल की यूनिफॉर्म के पीछे छिपी रहती थी और जिसे कोई ठीक से नहीं समझ पाया। साथ ही वह छोटी सी बच्ची भी उन्हें याद आती है, जिसे बस खेल-कूद में मज़ा आता था और जो जिंदगी की जिम्मेदारियों से बेफिक्र थी। इसके अलावा, कविता ने अपने भीतर की निडर और साहसी लड़की को भी याद किया, जो बिना सोचे-समझे जोखिम लेने का हौसला रखती थी। उन्होंने लिखा, कभी मेरे अंदर ऐसा आत्मविश्वास था कि मैं दुनिया में कुछ भी कर सकती हूं, लेकिन अब मैंने इन सभी रूपों को अलविदा कह दिया है। शायद किसी बेहतर दुनिया में इन पुराने रूपों से फिर मुलाकात होगी। पोस्ट के साथ कविता ने कुछ खास तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें उनके बचपन की झलक दिखती है। कुछ तस्वीरों में वह अपने दिवंगत पिता के साथ बिताए खूबसूरत पलों में मुस्कुराती नजर आ रही हैं। यह पोस्ट उनके फैंस और फॉलोअर्स के लिए भावनात्मक और सोचने पर मजबूर करने वाला अनुभव साबित हुआ। बता दें कि टीवी और एंटरटेनमेंट की दुनिया में अक्सर कलाकारों को कैमरे के सामने हंसते-खिलखिलाते देखा जाता है, लेकिन ऑफ-कैमरा उनका जीवन कई बार चुनौतीपूर्ण होता है।

# द्रौपदी 2 को सीबीएफसी ने दी यू/ए सर्टिफिकेट

अनकमिंग ऐतिहासिक फिल्म द्रौपदी 2 को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही थी। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने इस तमिल-तेलुगु ऐतिहासिक ड्रामा को यू/ए सर्टिफिकेट दे दिया है, जिससे फिल्म की सिनेमाघरों में रिलीज़ का रास्ता साफ हो गया है। निर्देशक मोहन जी ने इस महत्वपूर्ण अपडेट को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। उन्होंने नए साल की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि फिल्म इतिहास के उन पन्नों को सामने लाएगी, जिन पर अब तक बहुत कम चर्चा हुई है। द्रौपदी 2 14वीं सदी के उस समय को पर्दे पर जीवंत करेगी, जिसे इतिहास में अंधकारमय और उथल-पुथल भरा माना जाता है। फिल्म में दक्षिण भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परतों को बड़े पर्दे पर पेश किया जाएगा, जिससे दर्शक इतिहास की गहराई को अनुभव कर सकें। फिल्म निर्माता पहले इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज़ करने पर विचार कर रहे थे, लेकिन अभी तक आधिकारिक तारीख घोषित नहीं हुई है। हालांकि, सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद इसे जल्द ही सिनेमाघरों में देखने की संभावना बढ़ गई है। इस ऐतिहासिक फिल्म के निर्माताओं और क्रू में सभी उत्साहित हैं और उन्होंने दर्शकों को एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने की तैयारी पूरी कर ली है। द्रौपदी 2 का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर इंडस्ट्री और दर्शकों में उत्साह का माहौल है, क्योंकि ऐतिहासिक फिल्में तमिल और तेलुगु सिनेमा में हमेशा दर्शकों का ध्यान खींचती रही हैं। इस फिल्म में वीरता, साहस, सामाजिक संघर्ष और संस्कृति को बड़े पर्दे पर दिखाने का प्रयास किया गया है, जिससे दर्शक खुद को उस युग में महसूस कर सकें। फिल्म की रिलीज़ के साथ ही मोहन जी क्षत्रिय का मकसद केवल मनोरंजन करना नहीं है, बल्कि दर्शकों को इतिहास की अनछुई और महत्वपूर्ण घटनाओं से रूबरू कराना भी है।



# निर्देशक-अभिनेता का तालमेल क्यों जरूरी: यामी गौतम

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म हक की सफलता का बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम जश्न मना रही हैं। यामी का मानना है कि निर्देशक और अभिनेता का तालमेल ही किसी फिल्म की सफलता की कुंजी होता है। एक्ट्रेस ने इसी बीच अपने थिएटर के दिनों के अनुभवों को याद किया। यामी ने एक मजेदार किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में थिएटर सीखते समय उन्होंने एक डायलॉग इतने अजीब अंदाज में बोला कि वहां मौजूद सभी लोग हंस-हंसकर लोटपोट हो गए।



यामी ने बताया, जब मैं स्कूल में थिएटर सीख रही थी, तब वहां एक नया टीचर आया था। हमें अपनी लाइन अलग अंदाज में बोलनी थी। मुझे याद है मेरा डायलॉग था, चुप रहो, छोटे शैतान, वरना मैं तुम्हारा गला काट दूंगी, जिसे मैंने इतना अजीब तरीके से कहा कि सब हंस-हंसकर लोटपोट हो गए। उन्होंने आगे कहा कि टीचर ने मजाक में कहा, तुम तो किसी गली के आदमी की तरह बोल रही हो, जिस पर उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया कि कम से कम उनकी लाइनें याद तो हैं। यामी ने अभिनय और निर्देशक के बीच की रचनात्मक साझेदारी पर भी बात की।

उन्होंने कहा, निर्देशक कहानी की दिशा तय करता है और अभिनेता उनके विजन को स्क्रीन पर उतारता है। एक ही किरदार को कई अलग-अलग तरीके से निभाया जा सकता है, लेकिन स्क्रीन पर जो दिखता है, वह हमेशा निर्देशक के विजन का हिस्सा होता है। उन्होंने आगे समझाया कि अभिनय केवल डायलॉग बोलने तक सीमित नहीं है। यह किरदार की भावनाओं, मानसिकता और कहानी की दिशा को समझने का तरीका है। जब निर्देशक सही दिशा दिखाते हैं, तो अभिनेता अपने अनुभव और प्रतिभा का इस्तेमाल कर कहानी को और प्रभावशाली बनाता है।




# अनुष्का-विराट की परफेक्ट केमिस्ट्री छू रही फैंस के दिलों को

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने न्यू ईयर के मौके पर अपनी पहली नई तस्वीर शेयर की है। विराट ने कैप्शन में सिर्फ एक स्टार इमोजी डाल कर इस तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। कपल की इस खास तस्वीर ने फैंस को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया है। तस्वीर में उनकी परफेक्ट केमिस्ट्री फैंस के दिलों को भी छू रही है। इस खूबसूरत तस्वीर में दोनों एक-दूसरे को गले लगाए हुए थे और कैमरे के लिए मुस्कुरा हुए पोज दे रहे हैं। नई तस्वीर में कपल की लुक की बात करें तो, विराट ने सफेद शर्ट के साथ नीले रंग का ब्लेजर और ट्राउजर पहना था। वहीं अनुष्का ब्लैक आउटफिट में बेहद खूबसूरत लगीं। उनके बाल खुले उनके लुक पर चार चांद लगा रहे हैं। आपको बता दें कि हाल हीम में दिसंबर महीने में विराट और अनुष्का दोनों नैनीताल गए थे। वहां उन्होंने अपने प्रिय गुरु प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। उनके आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर उनके प्रवचन का एक वीडियो भी शेयर किया गया, जिसमें विराट और अनुष्का को देखा गया। अनुष्का के काम के बात करें तो, अनुष्का की आखिरी फिल्म जीरो थी। यह फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के बाद अनुष्का फिल्म चकदा एक्सप्रेस में देखने को मिलतीं। उन्होंने इसकी शूटिंग की थी लेकिन यह फिल्म फिलहाल टाल दी गई है। अब अनुष्का एक्टिंग की दुनिया से दूर अपनी फैमिली के साथ एक खुशनुमा लाइफ जी रही हैं। बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली की जोड़ी हमेशा सुर्खियों में रहती है। दोनों अपनी प्यारी तस्वीरों और म्यूचुअल बॉन्डिंग के लिए फैंस के बीच कपल गोल्स के रूप में पहचाने जाते हैं।

# प्रोडक्शन हाउस शुरू किया कृष पाठक और सारा खान ने

स्क्रिप्ट राइटर कृष पाठक और अभिनेत्री सारा खान दोनों अब सिर्फ लाइफ पार्टनर ही नहीं, बल्कि बिजनेस और क्रिएटिव पार्टनर भी बन चुके हैं। कपल ने मिलकर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस शुरू किया है और फिलहाल कई रचनात्मक प्रोजेक्ट्स पर एक साथ काम कर रहे हैं।

सारा और कृष इन दिनों एक फीचर फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं, वहीं अलग-अलग जॉनर के चार गाने भी तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा दोनों देश के कई शहरों में लाइव शोज के जरिए परफॉर्म भी कर रहे हैं। सारा खान ने बताया कि उनका सबसे बड़ा और खास प्रोजेक्ट एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसकी शूटिंग फरवरी महीने से शुरू होने वाली है। यह फिल्म उनके खुद के प्रोडक्शन बैनर के तहत बनाई जाएगी, जिसमें कई कलाकार नजर आएंगे। खास बात यह है कि इस फिल्म में सारा और कृष दोनों ही अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। अपने अनुभव साझा करते हुए सारा ने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि वह अपने पसंदीदा इंसान के साथ सबसे ज्यादा समय बिता पा रही हैं। हालांकि, काम के दौरान कभी-कभी मतभेद और नोंकझोंक भी होती है, लेकिन यही चीज रिश्ते को और मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि एक-दूसरे के काम करने के तरीके को करीब से देखना उनके लिए बेहद दिलचस्प है। सारा ने यह भी कहा कि प्रोडक्शन हाउस शुरू करने का फैसला इसलिए लिया गया, क्योंकि वे जीवनसाथी होने के साथ-साथ प्रोफेशनल पार्टनर के तौर पर भी एक-दूसरे को बेहतर समझते हैं। जहां सारा बजट-फ्रेंडली और क्रिएटिव कंटेंट को प्राथमिकता देती हैं, वहीं कृष बड़े स्केल पर सोचते हैं। इसके बावजूद म्यूजिक के मामले में दोनों की सोच पूरी तरह मेल खाती है।



# नए साल में भी बढ़ता जा रहा धुरंधर का कलेक्शन

नए साल में बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह की धुरंधर फिल्म देखने वालों की संख्या फिर से बढ़ गई है और इस वजह से कलेक्शन भी पिछले दिनों से ज्यादा स्पीड से बढ़ता दिख रहा है। फिल्म ने पहले हफ्ते में 207.25 करोड़, दूसरे हफ्ते 253.25 करोड़ और तीसरे हफ्ते 172 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। चौथे हफ्ते के पहले दिन यानी 22वें दिन 15 करोड़ रुपये कमाने के बाद फिल्म ने 23वें दिन 20.5 और 24वें दिन 22.5 करोड़ रुपये का कलेक्श किया। 25वें और 26वें दिन की कमाई 10.5 और 11.25 करोड़ हुई। 2025 के आखिरी दिन 31 दिसंबर को फिल्म की कमाई 11 करोड़ हुई।

यानी किसी भी दिन फिल्म का कलेक्शन दहाई के आंकड़ों से कम नहीं हुआ। अब आज फिल्म की कमाई 4ः05 बजे तक 8.63 करोड़ रुपये हो चुकी है और टोटल कलेक्शन 731.88 करोड़ रुपये पहुंच चुका है। 225 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म 27 दिनों में वर्ल्डवाइड 1117.90 करोड़ रुपये कमा चुकी है। बता दें कि ये बजट फिल्म के दोनों पार्ट्स का है। यानी एक ही फिल्म में पूरे बजट का कई गुना निकाल चुकी फिल्म अब दूसरी फिल्म से जो भी कमाएगी वो सिर्फ और सिर्फ प्रॉफिट में काउंट होगा। राम चरण और जूनियर एनटीआर की फिल्म ने सभी भाषाओं में मिलाकर इंडिया में 782.2 करोड़ रुपये की कमाई की थी और वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपये कमाए।

इसके दोनों रिकॉर्ड अब धुरंधर के सामने खतरे में हैं। ये रिकॉर्ड कभी भी टूट सकते हैं। फिल्म में अक्षय खन्ना, संजय दत्त, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल और आर माधवन भी हैं। रणवीर सिंह लीड रोल में हैं और आदित्य धर के डायरेक्शन में उन्होंने धुरंधर को अपने करियर की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बना दिया है। बता दें कि धुरंधर शानदार 27 दिन बिताने के बाद आज न्यू ईयर 2026 में एंट्री कर चुकी है और आज 28वें दिन भी फिल्म का कलेक्शन ऐसा हो रहा है जैसे फिल्म आज ही रिलीज हुई हो।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in